हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 11 जून 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

13 घासीदास नगर में डीआईसी की कार्यवाही पर रोक


13 दीपशिखा विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान


## खबर संक्षेप

### म्यूल खाते के नाम पर धोखाधड़ी, गिरफ्तार



**भिलाई।** म्यूल खाते का उपयोग कर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2), 318(4),61(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पूर्व में आरोपी प्रशांत विश्वकर्मा, मोंटू कुमार को पकड़कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। आरोपी प्रशांत, गोलू देवांगन, मोन्टू कुमार द्वारा राम साव को अपना खाता ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए संचालित करता था। पुलिस जांच में आरोपियों से सिम का परीक्षण करने पर उरला दुर्ग निवासी वीरेंद्र देवांगन उर्फ गोलू को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### कचरा फेंकने वाले दो दुकानदारों पर कार्रवाई

**भिलाई।** घरों में साज-सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दरअसल दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरा को फेंक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की। इसके बाद संबंधित दुकान की तलाश की। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही बालाजी प्लाई-हार्डवेयर, फोम के संचालक ने कचरा फेंकना स्वीकार किया। दोनो व्यापारियों से 2000-2000 जुर्माना वसूला गया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर दिल्ली गई महिला के मकान से सोना चांदी के जेवरात अज्ञात ने पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मांझी चौक खुर्सीपार निवासी तारा बाई देवांगन 31 दिसंबर 2024 से ग्रेटर नोएडा दिल्ली बेटा नेमीचंद देवांगन के पास रहने चली गई। मकान में साफ सफाई के लिए बेटी कामिनी देवांगन खुर्सीपार निवासी को दिया था। मकान की चाबी को कामिनी की मौसी पुष्पा देवांगन के पास रहता था। 31 मई को मौसी मकान की सफाई कर घर लौट गई। दूसरे दिन मकान में पहुंची तो मकान के बाहर का ताला बंद था। भीतर प्रवेश करने पर तीन कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला। दुकान रूम का आलमारी का लॉकर भी टूटा था। अज्ञात ने आलमारी का लॉकर से मोबाइल फोन, सोना, चांदी के जेवरात गायब मिला।

## परेशानी : बारिश नहीं होने से जलाशयों पर बड़ा संकट

# सूखने की स्थिति में जलाशय, खरखरा में महज 5 व तादुंला में 17 फीसदी जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानसूनी हवाएं लौटने के बाद छत्तीसगढ़ में बारिश का हर दिन इंतजार हो रहा है। आमतौर पर प्री मानसून का सीजन है लेकिन यह समय से पहले जून महीने में ही आ गया। जिसकी वजह से जलाशयों में जलभराव की स्थिति चिंताजनक हो गई है। खरखरा जलाशय में महज 5.46 फीसदी जलभराव है। यहां से दूसरे जिलों को पानी देना ही बंद कर दिया गया है। दुर्ग जिले को पेयजल बालोद के तादुंला जलाशय से मिलता है लेकिन यहां भी महज 17.11 फीसदी ही पानी शेष है। 20 साल बाद शिवनाथ नदी तट पर बने मोंगरा बैराज सूखा सा हो गया है। पिछले साल की तुलना में जलाशयों की स्थिति दिनों दिन खराब हो रही है।

अलग खबर



### 12 जलाशयों में महज 24 प्रतिशत पानी, दिक्कतें बढ़ी

सिंचाई विभाग के मुताबिक प्रदेश के 12 बड़े बांधों में भी 24 प्रतिशत पानी बचा है। इनमें मिनीमाता बांगो में 25, गंगरेल में 31, तांदुला में 17, दुधावा में 19, सिकासार में 18, खारंग में 33, सोंदूर में 18, कोड़ार में 8 प्रतिशत पानी शेष है । सिंचाई विभाग के अनुसार इनमें से कई बांधों में अब पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए ही पानी शेष रह गया है।

### गोंदली जलाशय में 21.32 प्रतिशत पानी है बचा

गोंदली जलाशय में इन दिनों 21.32 प्रतिशत पानी शेष है। पिछले साल इस जलाशय में 7 प्रतिशत पानी था। इस साल यहां पानी ज्यादा इसलिए है कि हालात को देखते हुए दूसरे जलाशय से पानी को यहां डायवर्ट कर लाया गया है। मरोदा टैंक में 50 प्रतिशत पानी का स्टोरेज है। इस टैंक का उपयोग केवल बीएसपी करता है। गंगरेल से ज्यादा पानी आता है जिसकी वजह से पानी का स्टोरेज बेहतर है।


### मुरुमसिल्ली बांध में भी सूखे की स्थिति

मुरुमसिल्ली बांध महानदी की सहायक नदी सिलयारी पर बना है। साइफन स्पिलवेज सिस्टम से बने बांध की क्षमता 40.15 मिलियन क्यूबिक मीटर है। यहां अब बांध में पानी नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है कि यहां पानी का स्तर काफी गिरा है। अब बांध को बारिश का इंतजार है।

### पानी कम होने के ये कारण

छत्तीसगढ़ में 17 मार्च से ही सरकार के निर्णय के बाद निस्तारी के लिए पानी बांधों से छोड़े जाने का क्रम शुरू हुआ। उस समय बांधों में 55 प्रतिशत से अधिक पानी था। तालाबों को भरने के लिए छोड़े जाने वाले पानी का सही ढंग से आंकलन नहीं होने के कारण भीषण गर्मी से निपटने लगातार डेढ़ माह तक यह क्रम चला। छत्तीसगढ़ के बांधों से लगातार पानी छोड़ने के कारण इनका जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। प्रदेश के 46 में से 34 बांध वर्तमान स्थिति में पिछले साल से ज्यादा खाली हैं। 20 बांध ऐसे हैं, जहां जलस्तर 25 प्रतिशत से नीचे चला गया है।

## गरज-चमक और अंधड़ के साथ थोड़ी बारिश, अंधेरे में डूबा शहर



मंगलवार की रात करीब 8 बजे अचानक मौसम के तेवर बदले। दिनभर तेज धूप के बाद रात को आसमान काले बादल छा गए। अंधड़ भी आई और गरज-चमक के साथ बारिश भी शुरु हो गई। अंधड़ की वजह से ट्विनसिटी में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित हो गई। टाउनशिप सहित पटरीपार और आसपास ग्रामीण क्षेत्र में बिजली घंटों बंद रही। सुपेला, रामनगर, प्रियदर्शनी नगर, छावनी, टाटा लाइन, पावर हाउस, भिलाई-3, रिसाली, मरोदा, सिविक सेंटर से लेकर सभी सेक्टरों में अंधेरा छाया रहा। इस बीच बिजली भी कड़क रही थी। बताया जाता है कि अंधड़ की वजह से फ्लैक्स और होर्डिंग्स क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली के तार से होर्डिंग्स टकराने की वजह से बिजली ठप्प हो गई। दुर्ग ग्रामीण, चंद्रनगर, लोकनगर, रिसाली, मरोदा, नेवई, पाउवारा, जंजगिरी, पुरई आदि क्षेत्रों में भी घंटों बिजली बंद रही। यहां कई जगह बिजली के तार पर पेड़ों की डालियां गिर गई।

### मानसून आगे बढ़ने के लिए 14 जून का इंतजार

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए 14 जून से अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक, उत्तर मध्य प्रदेश, दक्षिण छत्तीसगढ़, और मध्य उड़ीसा होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर उड़ीसा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। हवा का एक शियर जोन 15 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में 11 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज- चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

## तीन साल से महिला को देता रहा झांसा

# कुंडली दोष दिखाकर महिला से ब्लैकमेलिंग, बाबा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गृह और कुण्डली दोष का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए का ठगी कर ब्लैक मेलिंग करने वाले बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4),308(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि फ्लैट नम्बर 120 द्वितीय तल सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट जुनवानी निवासी पल्लवी जायसवाल वर्ष 2022 में कालीबाड़ी मंदिर नेहरू नगर के पुजारी परिचय मिश्रा को अपनी जन्म कुंडली दिखाया था। कुंडली से अपने स्वास्थ्य रोजगार के बारे में भी पुजारी से चर्चा की थी। तब परिचय मिश्रा ने कुंडली मे काफी दोष होना बताकर ग्रहों को शांत कराने पूजा करवाने की सलाह दी। पुजारी ने महिला से कहा कि उनके सिद्ध गुरुजी रोहतक निवासी कुलदीप महाराज के भिलाई आने पर मुलाकात कराने की बात कही थी। इस दौरान जनवरी 2023 में पुजारी परिचय मिश्रा द्वारा महिला को पंडित कुलदीप महाराज से मुलाकात कराया। महिला का कुंडली में ग्रहों की स्थिति ठीक नहीं होना जान का खतरा बता दिया। महिला का फ्लैट का अवलोकन कर घर में भी बाधा होने का झांसा कुलदीप ने दी। स्वयं को कुलदीप सिद्ध पंडित व योगाचार्य होना महिला को बताया था। पूजा करने व दक्षिणा के आड में महिला से कुलदीप ने 18 जनवरी 2023 को आरोपी के बैंक खाते पर 17 हजार रुपए जमा किया। आरोपी कुलदीप गुरु ने ग्रहों व अनिष्ट का डर दिखाकर जनवरी 2023 से 8 अप्रैल 2025 तक महिला से 36 लाख 66 हजार रुपए का ठगी किया। आरोपी कुलदीप गुरु के बताए बैंक ऑफ बड़ौदा व कर्नाटक बैंक रोहतक के नाम पर महिला ने भुगतान किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### मकान को अपने नाम करने की दी धमकी

पुलिस ने बताया कि पंडित कुलदीप गुरु महिला पल्लवी जायसवाल को सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट जुनवानी स्थित उनके मकान को भी स्वयं के नाम पर पंजीयन करने की धमकी दी। मकान को कुलदीप के नाम नहीं करने पर तंत्र विद्या से जान से मारने की धमकी देकर महिला को डराने लगा। परेशान महिला को जब ठगी होने की जानकारी हुई तो तुरंत शिकायत करने सुपेला पुलिस थाने पहुंची। पुलिस ने तुरंत आरोपी कुलदीप को मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार किया। उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है।उसके चेले की भी पुलिस कुंडली खंगाल रही है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है।

### बारातियों से विवाद युवकों ने किया हमला

**भिलाई।** बारातियों के साथ हुए विवाद का रंजिश रखते हुए युवकों ने किया हमला। घटना की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(ए), 296, 3(5), 351 (2 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 14 बानबरद निवासी लिलेश यादव ने शिकायत किया है कि दो माह पूर्व बडे भाई, छोटी बहन की शादी का कार्यक्रम घर में था। बहन की बारात घर आई थी, बरातियों के साथ देवा यादव विवाद करने लगा। विवाद करने से देवा को मना करने पर पुष्प वाटिका गार्डन से पीड़ित घर जाने निकला था। देवा यादव उसके साथी, राजा पटेल ,टोप सिह यादव ,ओमकार यादव ने मिलकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। देवा यादव,टोप सिह पटेल अपने हाथ में लोहे का पाईप, राजा पटेल,ओमकार पटेल लात घुसे से मारपीट किया।

## एसएसपी अग्रवाल भी पहुंचे घटना स्थल पर, आरोपी की तलाश जारी

# प्राप्टीं विवादः अधेड़ की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रापर्टी विवाद के चलते अधेड की टंगिया मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर छावनी पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई है।

■ छावनी थाना क्षेत्र की घटना

मौके पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी छावनी हरिश पाटिल, टीआई मोनिका पाण्डेय, फॉरेसिंक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल पहुंचे थे। छावनी पुलिस के मुताबिक वार्ड 39 दलवीर भवन के पास सुभाष चौक निवासी महेन्द्र सिंह 53 वर्ष का उसके भाई राजेन्द्र सिंह के साथ प्रापर्टी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।



मंगलवार की रात को आपस में महेन्द्र और राजेन्द्र का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राजेन्द्र ने घर में रखे टंगिया से अपने ही बडे भाई महेन्द्र पर वार कर दिया। वार इतना घातक था कि महेन्द्र की मौके पर मौत हो गई। घटना के समय उसके बच्चे घर पर ही थे लेकिन उनके चिखने चिल्लाने पर राजेन्द्र ने उनको भी मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि छोटा भाई राजेन्द्र प्लांट में प्राइवेट काम करता है। राजेन्द्र प्रापर्टी बेचकर रुपए की मांग मृतक से कर रहा था लेकिन महेन्द्र कई दिनों से बेचने को लेकर टाल मटोल कर रहा था। आक्रोश में आकर राजेन्द्र ने अपने ही बड़े भाई पर टंगिया से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। धमधा पुलिस ने बताया कि ताम्रकार फर्टिलाजर के सामने धमधा बेमेतरा रोड पर ट्रक सीजी 07 सी 7923 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दिनेश कुमार यादव को चपेट में लिया। जिसे गंभीर रुप से चोट आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को ग्राम रूसे थाना परपोड़ी जिला बेमेतरा निवासी राम कुमार यादव ने बताया कि छोटा भाई दिनेश कुमार यादव रोजी मजदूरी काम करता हैं। 5 जून को मौसी मंगतीन के यहां नागपुर घुमने जाने के लिए निकला था। 9 जून सुबह दिनेश कुमार यादव के मोबाईल नंबर से फोन आया। उसका 8 जून को सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। तब घटना की जानकारी हुई थी।




## उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह ने दिया प्रस्ताव

# शहर विकास के लिए 28 करोड़ के 32 कार्यों की जरूरत, निकाय मंत्री साव को सौंपी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर के विकास के लिए उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरूण साव से भेंट की। वैशाली नगर और भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पाँच जोनों के विभिन्न वार्डों के लिए समेकित विकास प्रस्ताव तैयार कर 2801.65 लाख के 32 प्रमुख बड़े विकास कार्य की मांग पत्र और विकास कार्य का प्रस्ताव सौंपा।

### नगरीय प्रशासन मंत्री ने दिलाया भरोसा



शहर के जल निकासी, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन, उद्यान, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं की समग्र स्थिति पर चर्चा हुई। दया सिंह ने मांग की कि भिलाई के प्रत्येक जोन को उसके अनुसार पर्याप्त बजट मिले और सभी वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता के साथ शुरू किए जाएं। साव ने दया सिंह की इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि प्रस्ताव का शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक बजट स्वीकृति की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार भिलाई जैसे महत्वपूर्ण शहर को सर्वांगीण रूप से विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### इन विकास कार्यों की सूची सौंपी

नेहरू नगर अंतर्गत कोसा नगर रेलवे स्टेशन शहरी गोठान के पश्चिम में नाला चैन लाइजिन 138.05 लाख, वार्ड 18 कॉन्टैक्टर कॉलोनी लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल और साक्षरता चौक तक सर्विस रोड का चौड़ी करन एवं डामरीकरण 120. 42 लाख, जवाहर नगर वेंडिंग जोन से ज्योतिबा फुले चौक तक मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण 110.67 लाख, करुण बस्ती से गोकुल नगर तक डामरीकरण एवं नाली निर्माण कार्य 198.82 लाख, जी रोड के समानांतर 18 नंबर रोड से लेकर बिहार होटल तक सर्विस रोड का निर्माण 51.70 लाख, बैकुंठ धाम स्वागत द्वार से लेकर स्वास्थ्य कार्यालय तक एवं वार्ड 35 कृष्ण चौक से पप्पू चौक होते हुए एक नंबर पंप हाउस तक डामरीकरण कार्य 158.15 लाख, जीई रोड से समानांतर चंद्र मौर्य टॉकीज से नगर निगम जोन 3 कार्यालय की सामने से बाजार शोरूम तक सर्विस रोड निर्माण कार्य 255.19 लाख रूपये सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा।

### ट्रेवल का झांसा, 45 लाख की ठगी

**भिलाई।** टूर एण्ड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गांधी नगर सुपेला भिलाई निवासी टी.व्ही.जय प्रदीप का टूर एण्ड ट्रेवल्स के नाम से एजेंसी है। लेट्स ट्रेवल फ्री संचालक नागेश कुमार धारा,उसकी पत्नि आरती ने सूर्या मॉल जुनवानी स्थित ऑफिस में उनके ट्रेवल की फ्री फ्रेचाईन्सी का झांसा देकर 45 लाख रुपए का ठगी किया है। पीड़ित को लेट्स ट्रेवल फ्री का ऑफिस सूर्या ट्रेसर आईलैंड मॉल जुनवानी भिलाई में था। संचालक नागेश कुमारधारा,आरती ने लोगो को बताया कि इनके द्वारा दुबई, गोवा, थाईलैण्ड का टूर कराया जाता है। पीड़ित ने संपर्क कर पर बताया गया कि टूर करने पर एक टूर फ्री या टूर नही करने पर बदले में कैश बैक मिलेगा। का झांसा दिया। इससे प्रभावित होकर पीड़ित ने 6 सितंबर 2022 को इनका फ्रेन्चाईसी लिया। इसके एवज में आरोपियों के खाते में 15 लाख रूपये आरटीजीएस किया। एक एग्रीमेंट के बाद नागेश कुमारधारा, आरती के बैंक के खाते में 30 लाख रुपए किस्त किस्त में रुपए ट्रांसफर किया गया। कुल टूर ट्रेवल के नाम पर 45 लाख रुपए लिया गया। संचालक नागेश कुमार धारा और उसकी पत्नी आरती ने मिलकर कई लोगों से इस तरह ठगी किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय, भोजन व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग 45 दिन, 18 जून से मोबाईल रिपेयरिंग 30 दिन तथा 23 जून से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी 31 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैम्प 13 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 13 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में एमएस पलक ट्रेडिंग के कुल 49 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सोलर सिस्टम इंटीजिरेटर के 20 पद, मैकेनिकल इंजीनियर के 2 पद, सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन के 15 पद, हेल्पर के 10 पद तथा ऑटोकैड सॉफ्टवेयर ऑपरेटर के 2 पद हैं। आईटीआई, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, बीटेक, डिप्लोमा मैकेनिक, 10वीं, 12वीं एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है।

### सहायक कलेक्टर को सौंपा गया स्वतंत्र प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री पठारे अभिजीत बबन भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सीईओ जनपद पंचायत पाटन का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री पठारे अभिजीत बबन भाप्रसे को 9 जून से 9 जुलाई तक चार सप्ताह की अवधि के लिए सीईओ जनपद पंचायत पाटन के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में जागेन्द्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### शिविर में 55 बच्चों ने लिया प्रशिक्षण

दुर्ग। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। पीटीआई बालकदास डहरे, बीआर साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं कमलेश्वरी ने शिविर में खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में खेलगांव खम्हरिया के अलावा पुरई, हनोदा, धनोरा, बोरसी के कुल 55 बालक बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# एक पेड़ मां के नाम में जुटे अफसर और नेता, दूसरे दिन उखाड़ ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। बोरसी वार्ड में विगत दिनों पर्यावरण दिवस के दिन काफी तामझाम के साथ पौधे रोपे गए थे। प्रगति मैदान में पूर्व सांसद सरोज पांडेय से लेकर विधायक गजेन्द्र यादव सहित कई बडे नेताओं ने अपनों हाथो से पौधा रोपा था। लेकिन दूसरे ही दिन पौधे को इसलिए उखाडकर ले गए कि, यहां फैसिंग कार्य पूरा नही हुआ है।

सवाल यह है कि, अगर फैसिंग कार्य पूरा नही हुआ था तो अभियान चलाकर सिर्फ फोटो खिंचाने की मकसद रह होगी। पौधे लगाने के बाद इसे उखाड दिए जाने से बोरसी वार्ड के लोगों में भी जमकर नाराजगी सामने आई है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने कहा है कि, पौधे लगाना फिर उसे उखाडना यह कहां कि संवेदनशीलता है। उन्होने कहा मुझे भी पौधे उखाडे जाने की जानकारी मिली है। उन्होने कहा इस मामले में निगम प्रशासन की उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

**बोरसी वार्ड के लोगों में दिख रहा आक्रोश, कांग्रेस ने कहा कार्रवाई हो**







**जानकारी मिली**

बोरसी के प्रगति मैदान में पौधे रोपने के बाद उसे उखाडने की जानकारी मिली है। यह कृत्य ठीक नही है। ऐसे कर्मचारियों पर कडी कार्यवाही की मांग करेगे।
**-संजय कोहिले,** नेता प्रतिपक्ष

**फैंसिंग के बाद लगाएंगे**

प्रगति मैदान में फैसिंग नही होने के कारण पौधे निकाले गए है। फैसिंग के बाद ऐसे पौधों को फिर से लगाया जाएगा। वैसे वही पर डेढ सौ से अधिक पौधे भी लगाए है।
**काशीराम कोसरे,**
प्रभारी पर्यावरण विभाग दुर्ग

## आक्रोश : महिलाओं ने कहा आधा दर्जन गांव के बच्चे बघेरा स्कूल में पढ़ते है

# शराब भट्ठी खोलने के विरोध में सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतरीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड क्र. 56 बघेरा में शराब भट्टी के विरोध में सैकडों महिलाएं व बडी संख्या में वार्डवासी कलेक्टोरेट पहुंचे थे। रैली निकालकर वे सभी कलेक्टर परिसर में प्रवेश करने वाले थे कि, पुलिस जवानों ने उन्हें बेरीगेट्स लगाकर रोक दिया। जहां महिलाओं का गुस्सा और भडक उठा। इस दौरान जिला प्रशासन और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के खिलाफ वार्डवासियों ने जमकर नारेबाजी की है। उन्होने साफतौर पर कहा है कि, अगर बघेरा में शराब दुकान खोला गया तो बडा आंदोलन किया जाएगा।

बघेरा वार्ड में शराब भट्टी खुलने को लेकर ब्रम्हाकुमारी बहनों ने भी विधायक गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपकर इसका विरोध किया था। मंगलवार को आधा दर्जन गांव जिसमें मोहलाई, कोटनी, पिपरछेड़ी एवं नगपुरा महिला और पुरूष वर्ग ने शराब भट्टी खुलने का पुरजोर विरोध किया। बघेरा के लोगों ने कहा कि, ब्रम्हकुमारी द्वारा संचालित आध्यात्मिक आनंद सरोवर में महिलाओं, बच्चों व बुजूर्गो की आवाजाही होते रहती हैं। यहां आनंद सरोवर भी स्थापित हैं, ऐसे में यहां का माहौल भी खराब हो जाएगा। बघेरा की अधिकांश कृषि भूमि रेल्वे पटरी पार होने से अकेली महिलाओं का खेतों में आना-जाना एवं काम करना असुरक्षित हो जाएगा। वार्ड पार्षद ललित ढीमर ने कहा पूर्व में यहां अर्जुन ढाबा के पास एक खेतीहार महिला की हत्या हो चुकी है व रात में लुटपात की घटना यहां आम हो चुकी है।

**वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, की जमकर नारेबाजी**



### कहा- बच्चे शराब भट्टी से होकर जाएंगे क्या स्कूल?

बघेरा शास. स्कुल का नाम दुर्ग जिला में अग्रणी हैं। बघेरा स्कूल में नयापारा, मोहलाई, कोटनी, पिपरछेड़ी, नगपुरा के बच्चें यहां पढाई करने आते है। अगर यहां भट्टी खोलेगें तो क्या बच्चे शराब दुकान को पार करके स्कूल जाएंगे, इसकी चिंता पालको को सता रही है। वहीं बगदई मंदिर भी है। पास में इंडियन किड्स स्कुल में गयानगर, राजीव नगर, शंकर नगर, बैगापारा, मठपारा आदि स्थानों से बच्चें स्कूल पहुंचते है।

### डेढ़ किमी के दायरे में आधा दर्जन शराब दुकानें

बघेरा वार्डवासियों ने बताया कि, पहले ही बघेरा से डेढ किमी के दायरे में आधा दर्जन शराब भट्टी स्थापित किए गए है। बघेरा से लगा नेशनल हाइवे मुंबई-कोलकत्ता बाईपास दुर्घटना जनित क्षेत्र है। यहां पहले ही नयापारा 1.5 कि.मी. दूरी पर, गंजपारा 1.8 कि.मी. दूरी पर, उरला 1.4 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा लेप्ट साइड 1.8 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा राइड साइड-1.8 कि.मी. दूरी और रेल्वे स्टेशन ग्रीन चौक 1.8 कि.मी. दूरी पर शराब दुकाने है। इसके बाद भी इसी इलाको में भट्टी खोलने से माहौल बेहद खराब हो जाएगा।

### विधायक गजेन्द्र ने कहा नहीं खुलेगी दुकान

विधायक गजेन्द्र ने कहा है कि, आबकारी विभाग के अधिकारी को शराब दुकान नहीं खोलने निर्देश दिए है। इससे पहले भी क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर दुकान नहीं खोलने आग्रह किया था। विधायक ने कहा बघेरा के नागरिकों ने बताया की कोटनी, नगपुरा, पीपरछेड़ी, गनीयारी भेंडसर जलबांधा क्षेत्र के लगभग 35 गांव को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है। इसी स्थान पर स्कूल है और लोगों के आस्था से जुड़ा मंदिर भी है।

### पूर्व विधायक ने भी दिया समर्थन

पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा शराब दुकान के विरोध में दुर्ग के पूरे 10 वार्डों के स्थानीय रहवासी लामबंद हो गए हैं। वही पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले भी थे। विरोध स्वरूप ग्रामीण सुबह से ही बघेरा में एकत्रित हुए और इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचे, जहाँ उन्होंने जोरदार विरोध दर्ज कराया। कहा इस क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा भाजपा शिक्षा के मंदिर स्कूलों को बंद कर एक साल में 70 से अधिक नई शराब भट्टियाँ खोली हैं। ये कैसा 'सुशासन' है? यह सरकार प्रदेश को किस दिशा में ले जा रही है।



# अनुकंपा नियुक्ति मामले में आयुक्त ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मामले में कर्मचारियों की जानकारी मांगे जाने के बाद इधर आयुक्त ने सभी को नोटिस जारी कर दिया है। आयुक्त ने कहा है कि मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी। ऐसी आशंका है कि, इन तीन कर्मचारियों के आलावा भी पूर्व में शिकायतों की जांच की जा सकती है।

■ आयुक्त के नोटिस के बाद मची खलबली

जानकारी अनुसार राज्य शासन ने रमेश कुमार शर्मा की सहायक अधीक्षक से सहायक लेखाधिकारी के पद पर की गई पदोन्नति नियमों के विपरीत होना पत्र में उल्लेख किया है। हांलाकि वे वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके है। वहीं राज्य शासन के आदेश में नम्रता रक्सेल भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवार, सहायक राजस्व निरीक्षक को निकाय द्वारा दी गई नियुक्ति नियमों के विपरीत होना बताया गया है। इन तीनों प्रकरण को लेकर आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा हैं कि, नोटिस जारी कर दी गई है। कार्यवाही जारी है, जल्द ही रिपोर्ट भी तैयार कर ली जाएगी। शासन ने तीनों कर्मचारियों के मामले में क्या कार्यवाही की गई है। इसकी जानकारी उन्होने 24 अप्रैल 2025 को जारी की है। वही इसी मामले में इससे पहले छग लोक आयोग द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग एवं विकास विभाग को बीस मार्च 2025 को पत्र जारी किया गया था।




### राज्य शासन के संज्ञान में गड़बड़ी

नगरनिगम दुर्ग में अनुकंपा भर्ती के नाम पर किए गए मनमानी की शिकायत राज्य शासन के नगरीय निकाय विभाग तक पहुंच गई है। इस मामले में नगरीय प्रशासन विभाग को छग लोक आयोग ने पहले ही जानकारी मांगी थी। इस अनुकंपा भर्ती में निगम के कर्मचारियों की भी मिलीभगत होने की बात सामने आ रही है। बहरहाल आयुक्त ने कहा है मामले में नोटिस जारी कर दिया गया है।

## 26 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**दुर्ग।** छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षनुसार खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किये जाने हेतु शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्राफी हेतु अनुशंसाएँ आमंत्रित की जा रही हैं, इसके साथ-साथ वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों, को नगद राशि पुरस्कार एवं खेलवृति हेतु भी अनुशंसाएँ आमंत्रित की जा रही हैं। पुरस्कारों के आवेदन पत्रों का प्रारूप संचालनालय के विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिला कार्यालय, संचालनालय में (कार्यालयीन समय में) सभी आवेदन पत्र 26 जून 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए आवेदक जिला कार्यालय, संचालनालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पीएम आवास के लिए फोन काल और वाट्सअप के जरिए भेज रहे सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रिक्त आवासो के लिए 50 आवेदको को फार्च्यून हाईट्स में प्रतीक्षारत सूची के हितग्राहियो को फ़ोन कॉल एवं व्हाट्सप्प के माध्यम से नगरनिगम हितग्राहियों को सूचित कर रही हैं। पात्र 50 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया था। प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया गया था कि, वे डाटा सेंटर में संपर्क कर प्रतीक्षारत इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करनें हेतु निर्देशित किया गया था। अतः 3 दिवस की अवधि समाप्त हो चुकी है, ऐसी स्थिति में फार्च्यून हाईट्स के प्रतीक्षारत सूची के हितग्राहियो के द्वारा राशि जमा नहीं किया गया। अतः अवधी समाप्ति पश्चात नये आवेदको को मौका दिया जाएगा। फॉर्म के साथ 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करने वालो को ही आवास आबंटन किया जाएगा।

■ निरस्त किये गए 2 आवास, फिर से फॉर्म भरा करेगें आबंटन



### नवोदय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरु

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में सत्र 2026 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवोदय विद्यालय समिति, भोपाल के मेल के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय दुर्ग के अंतर्गत धमधा, दुर्ग एवं पाटन विकासखंड में आने वाले शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को जिले के सभी ब्लॉकों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# परीक्षा ब्रीफिंग : साइंस कॉलेज में 250 अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

व्यापमं द्वारा 15 जून को आयोजित होने वाली सहायक विस्तार अधिकारी परीक्षा दुर्ग में 70 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक केन्द्र तथा नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की ब्रीफिग में 250 से अधिक अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। इस परीक्षा में दुर्ग-भिलाई में कुल 26045 परीक्षार्थी शामिल होंगे। समन्वयक केन्द्र के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु व्यापमं के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक केन्द्र तथा नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की ब्रीफिंग दो बार अर्थात 6 एवं 13 जून को सांइस कॉलेज दुर्ग के राधाकृष्णन हॉल तथा टैगोर हॉल में आयोजित किया जाना है इसी के परिपालन में प्रथम ब्रीफिंग 4 पृथक-पृथक सत्रों में आयोजित की गई। ब्रीफिंग देने वाले मास्टर ट्रेर्नर डॉ. संजय दास एवं डॉ. विकास पंचाक्षरी ने परीक्षा से संबंधित प्रत्येक बिन्दु की विस्तार से जानकारी दी । इनके अलावा सहायक समन्वयक डॉ. एके खान, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं नोडल हितेश पिस्दा, होमनलाल भोसले ने भी महत्वपूर्ण बिन्दु की जानकारी दी।



## महिला आयोग ने की 30 प्रकरणों पर सुनवाई

# शिक्षक सहित पुलिस जवान के खिलाफ बैठेगी जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी ने आज दुर्ग जिले में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई की।

■ छग राज्य महिला आयोग ने की सुनवाई

बालगृह परिसर, पांच बिल्डिंग, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 30 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। यह राज्य स्तरीय 322वीं एवं दुर्ग जिले की 12वीं जनसुनवाई रही।

सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें एक मामला सीआरपीएफ में पदस्थ आरक्षक से जुड़ा था, जिसके विरुद्ध गंभीर आरोप सामने आए। आरोप है कि अनावेदक ने अपनी पत्नी को गर्भावस्था के दौरान घर से निकाल दिया और बच्चे के जन्म के बाद भी न तो पत्नी से मिलने गया और न ही नवजात को देखने आया। साथ ही, महिला और उसके परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए। महिला आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अगली सुनवाई 25 जून को दंतेवाड़ा कैंप में तय की है और इसके पश्चात यह प्रकरण रायपुर कार्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा।



### शिकायत : पढ़ाने के बजाय म्यूजिक के काम में लगे रहे शिक्षक

एक मामले में स्कूल शिक्षक द्वारा महीने में केवल एक बार उपस्थिति दर्ज कराने आता था और म्यूजिक टीचर के रूप में बाहर काम करता था। कार्य में लापरवाही के आरोप में जांच के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्कूल में अपनी पत्नी को लेकर आता था। आरोपी शिक्षक का पक्ष दर्ज किया गया और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अगली सुनवाई रायपुर में तय की गई है। कई प्रकरणों में आपसी सुलह के बाद आवेदिकाओं द्वारा शिकायतें वापस ली गईं और उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका का प्रकरण जमीन पर कब्जे का विवाद था। जिस पर अनावेदक के द्वारा आवेदक के पति के साथ राजस्व अधिकारी के कार्यालय में सीमांकन प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। संपत्ति विवाद, न्यायालय में लंबित प्ले ग्राउंड विवाद, पारिवारिक झगड़े आदि जैसे प्रकरणों को न्यायालयीन प्रकृति का मानते हुए आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि आयोग प्रत्येक महिला को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन साथ ही, झूठे और दुर्भावनापूर्ण आरोपों पर भी सख्त नजर रखी जा रही है।

### बहू की फर्जी शिकायत किया निरस्त

एक अन्य मामले में वृद्ध सास-ससुर (उम्र 87 और 80 वर्ष) के खिलाफ उनकी बहू द्वारा लगातार झूठे आरोप लगाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत पर आयोग ने गंभीर टिप्पणी की। जांच में पाया गया कि, बहू संपत्ति के लिए परेशान कर रही है और पहले भी माननीय उच्च न्यायालय से मामला हार चुकी है। इस पर आयोग ने प्रकरण को निराधार मानते हुए नस्तीबद्ध कर दिया।

# पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन आज से 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सत्र 2025-2026 में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन का प्रथम चरण 11 से 15 जून 2025 तक निर्धारित किया गया है। जिसकी जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं। जिसकी मेरिट सूची 17 जून 2025 को जारी तथा आबंटन रिजल्ट 20 जून 2025 को अपरान्ह 4 बजे किया जाएगा। तत्पश्चात आबंटित संस्था में प्रवेश का कार्य 21 से 24 जून 2025 तक समय सुबह 10 से अपरान्ह 5.30 बजे तक किया जाएगा।उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य कुमार पांडेय ने बताया कि वर्तमान में संस्था में आठ शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है जिसमें सिविल, यांत्रिकी, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातुकर्म, आईटीए, कम्प्यूटर साइंस पीपीटी स्कोर के आधार पर एवं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट 12वीं के आधार पर, इसके अतिरिक्त लेटरल एंट्री के माध्यम से डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल में द्वितीय वर्ष 12वीं, आईटीआई के आधार पर प्रवेश के लिए सिविल, यांत्रिकी, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातुकर्म, आईटीए, कम्प्यूटर साइंस पाठ्यक्रम में भी इन्ही तिथियों में ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

■ मैरिट सूची 17 को व आवंटन रिजल्ट 20 को

# खुशनुमा हुआ मौसम, मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की आमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग में चिड़ियाघर में उछलकूद करते खरगोशों के साथ सफेद चूहे गिनपिग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां दर्जनभर खरगोश और सफेद चूहे हैं। बच्चे करीब से देख रोमांचित होकर मोबाइल से सेल्फी लेते रहते हैं। मौसम के खुशनुमा होते ही जू में सैलानियों की रौनक बढ़ गई है। भीषण गर्मी में अपने कैज में दुबके रहने वाले कई वन्य प्राणियों को चपलता बढ़ गई है।

खुशनुमा मौसम ने मैत्रीबाग में सैलानियों की आमद बढ़ा दी है। सर्द मौसम से यहां पक्षियों की चहचहाहट बढ़ने के साथ जानवरों की भी उछलकूद बढ़ने से पर्यटक रोमांचित हैं। खासकर बच्चे इन्हें देखकर खासे खुश दिखाई दिए। बड्र्स काम्पेक्स में अपने अलग अलग कैज में उछलकूद करते खरगोशों और सफेद चूहों को देख छोटे बच्चे मोबाइल से फोटोग्राफी व सेल्फी भी लेते रहे। इनके अलावा ग्रामीणों द्वारा पकड़क लाया गया कबरबिज्जू भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौसम सर्द होते ही पूरा बड्र्स काम्पलेक्स परिंदों के कलरव से गुलजार है। यहां लव बड्र्स, पांच उल्लू, बाज, मोर, सारस, व तोते आदि कई प्रजाति के पक्षी हैं।

## पक्षियों और जानवरों की भी बढ़ी उछलकूद, पर्यटक ले रहे सेल्फी





### हिरणों की चौकड़ी से बच्चे रोमांचित

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में मौसम बदलते ही गर्मी में बैचैन दिखाई देने वाले हिरणों, सांभरों और वाइट टाइगर आदि जानवरों की भी उछल कूद दिखाई देने लगी है। ठंडे मौसम व फुहारों का लुत्फ उठाते हुए हिरणों को झुंडों में चौकड़ी भरते देख पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। यहां सौ से अधिक हिरण हैं। पर्यटकों ने बताया कि हिरणों को इतना तेज भागते जंगल में ही देखा है। इनके अलावा वाइट टाइगरों को भी धमाचौकड़ी करते देख बच्चे खुश हैं।

## खबर संक्षेप



### सेल को आर्थिक ऑपरेटर-टियर-II की मान्यता

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर - टियर-II की मान्यता प्रदान की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया एईओ कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है । सेल के कार्यकारी निदेशक ने सीमा शुल्क निदेशालय, दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे, जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता, ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं। यह सेल को प्रतिस्पर्धी बढ़त भी प्रदान करेगा।

### मौसमी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.5 अंक हासिल किया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बोर्ड से दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गोढ़ी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मौसमी पाल ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिसे लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने मौसमी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोढ़ी के सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए मौसमी ने दसवीं कक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक हासिल किया है। दुर्ग जिले की शिक्षा व्यवस्था पर चार चाँद लगा दिया। मौसमी के पिता दिनेश कुमार पाल भी अपनी बेटी की उपलब्धि का श्रेय जिले की शिक्षा व्यवस्था को दी है।



## औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को बीएसपी से नहीं मिल रहा पर्याप्त आर्डर

# स्थानीय इंडस्ट्रीज पर भारी पड़ रही बाहरी उद्योगों की मोनोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के साथ प्रदेश और देश के विकास में महती योगदान देने वाला प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। एक ओर लघु और सहायक उद्योगों को आर्थिक बदहाली का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उद्यमी व श्रमिक बस्तियों को के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इस मामले में सरकार सहित जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक में तीन सौ से अधिक लघु, मध्यम और सहायक उद्योग स्थित हैं। इनके अलावा कई हैवी इंडस्ट्रीज भी हैं। 1960 में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया था। सहायक उद्योग भिलाई इस्पात संयंत्र के आर्डर यानी इंक्वायरी पर निर्भर हैं। विभिन्न ट्रेडों के यह उद्योग बीएसपी से आर्डर मिलने के बाद उसके लिए कल पुर्जे, उपकरण व पाट्र्स आदि बनाकर सप्लाई करते हैं। लेकिन पिछले कई साल से पर्याप्त आर्डर नहीं मिलने से अधिकतर सहायक,छोटे, मध्यम व छोटे उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। बाहर की बड़ी कंपनियों का बीएसपी के आर्डर पर वर्चस्व होने के कारण स्थानीय उद्योगों को पर्याप्त आर्डर नहीं मिलने से कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। उद्यमियों के मुताबिक क्षमता के अनुरुप इंक्वायरी नहीं मिलने से उद्योग चलाना मुश्किल होता जा रहा है और वर्कर्स को सुविधाएं व अन्य देनदारियां पूरी नहीं कर पा रहे हैं। प्रबंधन को बिना किसी भेदभाव के सभी उद्योगों को समय पर आर्डर व भुगतान किए जाने की जरुरत है।

### कई उद्योग हुए बंद कई बदहाली का कर रहे सामना



### टैक्स व लोन में भी बढ़ रही दिक्कतें

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को एक तरफ तो बाहर की कंपनियों की मोनोपली के चलते काम की किल्लत से जूझना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उद्योग विभाग व राज्य सरकार की उपेक्षा भी भारी पड़ रही है। महंगाई बढ़ने से कच्चे माल व लागत बढ़ने के बाद भी टैक्सेसे में रियायत नहीं मिल रही है। कई छोटे उद्योंगों को बैंकों के लोन लेने और फिर अदा करने में पसीना छूट रहा है। राज्य व केंद्र सरकार की उद्योग नीति का जमीनी फायदा उद्यमियों को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। उदमियों के के मुताबिक उद्योगों के शहर व राज्य के विकास में योगदान के साथ हमारी परेशानियों को देखते हुए सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसा स्लम

औद्योगिक क्षेत्र में तीन सौ से अधिक लघु, मध्यम व छोटे उद्योग हैं। पिछले दो तीन दशकों के दौरान बदहाली के चलते कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई काम नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं कई उद्योगों ने अपने ट्रेड भी बदल लिये हैं। उद्योगों की बदहाली के अलावा औद्योगिक क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरस रहा है। हथखोज रोड और छावनी जामुल रोड के अलावा अंदर की अधिकतर सड़के जर्जर हैं। बारिश में आवाजाही मुश्किल और गाड़ियां फंसती रहती हैं। पेयजल, सफाई और के साथ छावनी, एसीसी और ट्रांसपोर्टनगर के पीछे श्रमिक बस्तियां स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरे में डूबी हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया धूल, धुएं और डस्ट से यहां रहवान मुश्किल हो रहा है।

## केदारनाथ यात्रा के लिए निकले युवक की मौत, एयर प्लेन से पहुंचेगा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केदारनाथ उत्तराखंड के लिए निकले युवक की मौत हो गई। घटना 9 जून की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक जवाहर नगर दुर्ग निवासी जीएसटी कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ विजय सिंह भारद्वाज 34 वर्ष अपने दोस्तों के साथ केदारनाथ के लिए निकले थे। इस दौरान 9 जून को बाबा के दर्शन के बाद अचानक विजय सिंह की तबियत बिगड़ गई। जिसे तुरंत उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषित कर दिया। विजय सिंह का शव मंगलवार देर रात एयर प्लेन से दुर्ग पहुंचेगा। वे बालोद के ट्रेजरी आफसर मुकुंद सिंह भारद्वाज के पुत्र,शिक्षक नगर दुर्ग निवासी संजय सिंह, ईश्वर सिंह राजपूत के भतीजे थे। शव के पहुंचने के बाद 11 जून को उनकी अंतिम यात्रा निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्व. विजय सिंह भारद्वाज के निधन पर शिक्षक नगर युवा विकास समिति, जवाहर नगर गृह निर्माण समिति, राजपूत समाज के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया गया है। गौरतलब हो कि केदारनाथ दर्शन के लिए रूआबांधा का एक युवक भी निकला था। हादसे में उसकी जान चली गई।



## 11 माह से लापता युवती का सुराग नहीं



**भिलाई ।** ग्यारह माह से लापता युवती का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने शिकायत एसएसपी से की है। नंदिनी रोड लक्ष्मी पारा जामुल के एक परिवार की 20 वर्षीय युवती लंबे समय से लापता है। सुराग नहीं मिलने से परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। युवती के परिवार वाले लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अपनी बेटी को जल्द बरामद करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने दुर्ग एसएसपी कार्यालय पहुंचकर घटना के बारें में शिकायत किया है। पीड़ति परिवार को लापता युवती की जल्द बरामद करने की गुहार भी लगाई। मिली जानकारी के मुताबिक 14 जुलाई 2024 की शाम युवती अपनी सहेली के यहां जाने ऑटो में सवार होकर निकली थी। लेकिन सहेली के यहां नहीं पहुंची। जिसके बाद युवती के परिजनों ने उसी दिन जामुल थाने में लिखित शिकायत भी किया था। शिकायत करने दिलीप देशलहरा, अश्लेश मरावी, उमा सिंह, चंद्रकला तारम, ममता वर्मा, अन्नू,पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिया, राजेंद्र रजक पहुंचे थे।

## सेक्टर 4 में जहरीला नाग देख सहमे लोग



**भिलाई।** बेमौसम बारिश के दस्तक देते ही टाउनशिप में सांपों के घरों में घुसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सेक्टर 4 में आज एक जहरीला नाग देख लोग सहम गए। करीब आधा घंटा बाद सांप को पकड़ने में मदद मिली। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। आज शाम करीब चार बजे सेक्टर 4- क्वार्टर 7- बी में अचानक एक सांप दिखाई देने से रहवासियों सहित आसपास के लोगों में डर का मौहाल रहा। घर के बाहर किचन गार्डन में जहरीला नाग एक मेंढक को मुंह में दबाए विचर रहा था। पहले घर वालों ने इसे सर्प को लंबा होने के कारण असोढ़िया सांप समझा और भगाने के लिए पानी डालने लगे। सर्प के फन उठाकर फुफकारने और विष उगलने से घरवालों को इसके जहरीला नाग होने का अंदाज लगा। इसके बाद सांप पकड़ने वाले राजेश महादेव को रेस्क्यू करने के लिए बुलाया गया। दस मिनट तक छकाने के बाद सर्प को पकड़कर बोरी में बंद कर निर्जन इलाके में सुरक्षित छोड़ दिया गया। गौरतलब हो कि दो दिन पूर्व भी सेक्टर 7 में एक जहरीले सांप को पकड़ा गया था।

# प्रेमप्रकाश पांडेय के जन्मदिन पर उमड़े कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विद्यार्थियों के सम्मान, रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर में हुए शामिल

प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा और श्रीराम जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हुडको और खुर्सीपार में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर सहित पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उनके जन्मदिन पर दिनभर उनके समर्थकों, क्षेत्र के गणमान्यजनों द्वारा उनको बधाई देने का तांता रहा। सीएम विष्णुदेव साय ने भी श्री पाण्डेय को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

भगवान की पूजा-अर्चना बाद श्री पांडेय ने सेक्टर 9 निवास में आगंतुकों से भेंट की। बाद हुडको में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सबका आभार जताया। श्री पाण्डेय ने अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी उपलब्धियाँ जीवनभर याद रहती हैं और भविष्य को प्रेरित करती हैं। भिलाई अब केवल इस्पात उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि आईआईटी की स्थापना के बाद यहाँ के स्टूडेंट वैश्विक स्तर पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। श्री पांडेय ने छात्रों को अपने कौशल को निखारने, नए अवसरों को अपनाकर राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान किया गया।



### समर्थकों ने किया 67 यूनिट रक्तदान

श्री पाण्डेय आज सेक्टर 10 गुंडिचा मण्डप में आयोजित रक्तदान शिविर में भी शामिल हुए। यहां समर्थकों द्वारा 67 यूनिट रक्तदान किया गया। वे छावनी दर्री तालाब के कार्यक्रम में शामिल हुए और पौधारोपण किया। उन्होंने खुर्सीपार गौतम नगर कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया।

### खुर्सीपार सभा में मोदी की उपलब्धियों को सराहा





न्यू खुर्सीपार में आयोजित विद्यार्थी व वरिष्ठजन सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रोफेशनल्स एवं आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोगों मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि शासन ने समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने देश में आधारभूत संरचना, संचार और आर्थिक सुधारों की चर्चा की, जिससे भारत चौथे स्थान पर पहुँच गया है।श्री पांडेय ने कहा कि देश में शिक्षा और प्रोफेशनल्स के सम्मान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर 900 कन्याओं को आवश्यक किट प्रदान की गईं एवं 38 बालिकाओं को विशेष सम्मान मिला। साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और डॉक्टरों को भी सम्मानित किया गया।

## जामुल नपा अध्यक्ष निकले सफाई व्यवस्था का जायजा लेने



- वार्ड 1 और 2 में भी पहुंचे थे
- जलभराव की स्थिति निर्मित ना होने निर्देश

**भिलाई।** बारिश से पूर्व नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया है। इस दौरान वार्ड 2 में चल रहे नाली निर्माण के विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया है। उन्होंने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना है। वार्ड 1 में पानी टंकी को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा मांग किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए टंकी में बोर डालने का निर्देश दिया है। नपा अध्यक्ष अपने निधि से वार्ड में पानी टंकी की व्यवस्था करने को कहा है। सफाई व्यवस्था में नपा अध्यक्ष संतुष्ट हुए। इसके अलावा बारिश से पूर्व पालिका क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई करने को कहा है। आने वाले बारिश में क्षेत्र में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। सुपरवाइजरों को निर्देश दिया गया है कि सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान देवे। निरीक्षण में पार्षद खम्हन ठाकुर, संजय शर्मा, आनंद साहू, दिलीप गुता गुप्ता, सफाई प्रभारी बसीर खान, रमेश मारकंडेय, पेयजल प्रभारी दयालूराम जंघेल मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण मित्रों की गुहार

# सूखा व गीला कचरा अलग करने से होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम कर लोगों को जागरुक किया गया। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में कचरा प्रबंधन करने के साथ सफाई कर्मियों के योगदान को सराहा और लोगों से स्वच्छ पर्यावरण के लिए सफाई मित्रों को मदद करने का भी आह्वान किया गया। टाउनशिप बीएसपी टाउनशिप में पर्यावरण मित्र के रुप में सफाई मजदूर रोज अपने सफाई कार्य से पर्यावरण को स्वच्छ रखने में योगदान दे रहे हैं। सर पर टोपी, कंधे पर झोला और सीटी बजाते हु घर घर दस्तक देने वाले यह सफाई कर्मियों ने भी टाउनशिप को स्वच्छ व सुंदर बनाने के संकल्प के साथ आमजनों से भी इस मामले में जागरुक रहने की गुहार की है।



सुपरवाइजर सुनीता बताती हैं कि हम रहवासियों को बार-बार समझाते हैं कि गीला और सूखा कचरा अलग किया जाए, लेकिन बहुत कम लोग इस पर ध्यान देते हैं। कई बार लोग दरवाज़े पर कचरा देने की बजाय उसे बाद में सड़क पर ही फेंक देते हैं। लोगों के जागरुकता से हमारा उत्साह बढ़ेगा। मालती कुर्रे बताती हैं कि हम आपके, समाज और पर्यावरण के लिए काम करते हैं। पर कुछ लोग हमसे बात करना भी ज़रूरी नहीं समझते हैं।

बीएसपी का नगर सेवाएं विभाग न केवल कचरा प्रबंधन, बल्कि रीसाइक्लिंग और कंपोस्टिंग की योजनाओं को भी क्रियान्वित कर रहा है। गीले कचरे से खाद बनाकर संयंत्र के बगीचों में उपयोग किया जाता है। सूखे कचरे के लिए अलग योजना है, जिसमें उसे इकट्ठा करने वाले सफाईकर्मियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिल जाती है।

## बिजली पोल से दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मैत्रीबाग रोड में ओए बिल्डिंग मोड़ के निकट एक अनियंत्रित वाहन ने एक बिजली पोल को ठोकर मार दी। इससे पोल एक तरफ मुड़ गया है और बिजली के तार भी झुक गये हैं। इसके चलते कभी भी बिजली अवरोध के साथ दुर्घटना हो सकती है। इस व्यस्ततम मड़ौदा सेक्टर रोड पर दिनभर आवाजाही होती रहती है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से जल्द क्षतिग्रस्त पोल को ठीक किए जाने की मांग की है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 11 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129






लेदर का फैशन

**लाइव इवेंट**

## ताईक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग 14 स्वर्ण, 12 रजत , 23 कांस्य के साथ बना रनर अप



**भिलाई।** 20वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला के 74 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 14 स्वर्ण पदक,12 रजत पदक, 23 कांस्य पदक सहित कुल 49 पदक जीत कर फस्ट रनर अप ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।

7 से 9 जून तक छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ बिलासपुर द्वारा बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला के 74 बच्चों ने भाग लिया। जहां स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत कर फस्ट रनर अप ट्राफी प्राप्त किया।

दुर्ग जिला के बच्चे जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। राकेश गोस्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सबजूनियर और जूनियर के स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे हरिद्वार और कैडेट और सीनियर के स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे देहरादून में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य रूप से कोच अनील कुमार देवांगन, चंद्रकुमार साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, ज्योति वर्मा, ईशु यादव और धारा गोस्वामी जिनके द्वारा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को कोच का मार्गदर्शन मिला।

### यह बच्चे बने विजेता

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में कार्तिके पुरी गोस्वामी, ख्याती वर्मा, सूर्य पुरी गोस्वामी, आरवी गोयल, सागर बंजारे, काव्य देवांगन, जतिन नायक, सोनिया सोनी, विनय मेश्राम, तनमय साहू, प्रयास यदु, रूही देशमुख रहे। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अरुणभ कुमार, सुहाना गारुडीक, कुशमिता साहू, दिव्यांश देवांगन, सांची चौहान रहे। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आरव वर्मा, हर्षित शर्मा, शिवाय साहू, श्रेयश शर्मा, भाव्या देशमुख, श्रेयशी गारूडीक, वैष्णवी शर्मा, ए ओमिशा राव, हर्ष कुमार शिववंशी, तुष्य देवांगन, ओमय जांघेल, वैभव साहू, श्रेया दास, रेयांशी देवांगन, दिव्यांश जांघेल, रिद्धि डहरिया, शुक्लंबर यादव, नव्य साहू, सोविंद ताम्रकार, जिया साहू रहे। सभी खिलाड़ियों को दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, शहर विधायकगजेंद्र यादव, गणेश शंकर देशपांडे, दशनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी, दिलेश्वर उमरे, रोशन ताम्रकार, उत्तम कुमार बौद्ध, राजेश कुमार वर्मा, धनसिंह चंद्राकर, जितेंद्र साहू ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

**सिटी इवेंट**

## जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड में 85 प्रतिशत वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित



**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज की महत्वपूर्ण बैठक परमेश्वरी भवन, कैंप -2 बैकुंठ धाम भिलाई में की गई। इस दौरान प्रसिद्ध पंडवानी गायक झाडू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को 11 बजे से डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठ धाम, कैम्प -2, भिलाई में जिला स्तरीय सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद विजय बघेल सहित सभी विधायक को आमंत्रित किया गया है।

### अन्य प्रतिभाओं का भी सम्मान

बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई। समारोह में शिक्षा सत्र 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्ग जिला के सभी समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद, कला संस्कृति एवं अन्य विधाओं में पुरस्कृत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। जिला देवांगन समाज के द्वारा विगत अनेक वर्षो से देवांगन समाज के साथ ही दुर्ग जिला के अन्य सभी समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी सम्मान करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष पुरानिक देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवांगन समाज के पुरोधा अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायक झाडू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री लखनलाल देवांगन, क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल एवं विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, गजेंद्र यादव एवं डोमनलाल कोर्सेवाड़ा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को ध्यान में रखते हुए सभी के लिए दोपहर के भोजन आदि की व्यवस्था की गई है। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, सचिव धनुष देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद देवांगन, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, दुर्ग नगर अध्यक्ष राकेश देवांगन, कैंप 2 अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, मंगतूराम देवांगन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति देवांगन आदि सहित जिला, ब्लाक, मंडल इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**महाप्रभु, बलभद्र और सुभद्रा का होगा देवस्नान, देखने उमड़ेगी भक्तों की भीड़, देवस्नान के बाद प्रभु पड़ेंगे बीमार, 27 को नेत्रोंत्सव**

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर आज 108 कलश के सुगंधित और औषधीय जल से महाप्रभु करेंगे देव स्नान, गजवेश में श्रृंगार कर भक्तों को देंगे दर्शन

जगन्नाथपुरी की तर्ज पर बुधवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि के अवसर पर देशभर के जगन्नाथ मंदिरों में आज देव स्नान यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसे देव स्नान पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस अवसर पर 108 कलशों के सुगंधित और औषधीय जल से भव्य स्नान कराया जाएगा और भक्तों को महाप्रभु गज वेश का भव्य श्रृंगार देखने को मिलेगा। पूर्णिमा पर अत्यधिक स्नान के बाद महाप्रभु बीमार पड़ जायेंगे और ठीक 15 दिन बाद नेत्रोत्सव के बाद 27 जून को प्रभु बलबद्र और सुभद्रा के संग रथ पर आरुढ़ होकर नगर भ्रमण करने रथयात्रा पर निकलेंगे।



**भिलाई।** शहर के प्राचीन सेक्टर 4 और सेक्टर 6 सहित सभी जगन्नाथ मंदिरों में इस वर्ष स्नान यात्रा 11 जून को जगन्नाथ मंदिरों में की जाएगी, साथ ही 27 जून को शहर में जगन्नाथ रथयात्रा निकलेगी। भगवान के रथ को नए कलेवर में आकर्षक बनाने का कार्य भी चल रहा है। इस मौके पर शहर के हजारों भक्त प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ को नगर भ्रमण कराते नजर आएंगे। मंदिरों में रथ के रंगरोगन और साज-सज्जा की तैयारी जारी है।

### सुबह 9.30 बजे स्नान यात्रा.....

सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर के सत्यवान नायक ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि को जगन्नाथ मंदिर में स्नान यात्रा से पूर्व ज्येष्ठाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मान्यता अनुसार 108 कलशों के सुगंधित और औषधिय जल भव्य स्नान कराया जाएगा। सेक्टर 4 और सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर के प्रमुखों ने बताया कि सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्नान यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसके लिए मंदिर परिसर में तैयारी कई दिन पहले से शुरु हो गई थी और अंतिम चरण पर है। इस वर्ष भी जगन्नाथ स्थयात्रा से पूर्व रथ के रंगरोगन का काम शुरू हो गया है, स्नान यात्रा के बाद श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभदा को भोग अर्पित किया जाएगा, जिसके बाद भगवान अपने विश्राम कक्ष की ओर प्रस्थान करेंगे।

### तेज गर्मी से छुटकारा पाने होगा 108 सुगंधित और औषधीय जल से स्नान

पुरी की तर्ज पर सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर में भी पवित्र 108 कलशों के जल का उपयोग होता है। यह जल मंदिर परिसर में एकत्र होता है, जिसमें चंदन, केसर, फूल और औषधीय जड़ी-बूटियाँ मिलाई जाती हैं। पुजारी वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए भगवान को स्नान कराते हैं। यह स्नान सिर्फ पानी से नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा के साथ होता है। भक्त इस पल को अपनी आँखों में कैद करने के लिए लालायित रहते हैं, क्योंकि यह भगवान के दुर्लभ दर्शनों में से एक माना गया है।

### अत्यधिक स्नान से प्रभु हो जाएंगे बीमार

इस जगत में महाप्रभु का चैतन्य रुप मानकर सभी विधान किये जाते है। मान्यताओं के अनुसार आज होने वाले इस भव्य स्नान के दौरान अत्यधिक स्नान करने से भगवान अस्वस्थ हो जाएंगे और वे 15 दिनों के लिए मंदिर में भक्तों को दर्शन नहीं देंगे। इस दौरान भगवान अणसर गृह या एकांत कक्ष में आराम करेंगे। जहां राज वैद्य उनका उपचार करेंगे।

### क्यों मनाई जाती है यह अनोखी पूर्णिमा

देवस्नान पूर्णिमा की ब्रह्मपुराण और स्कंद पुराण से जुड़ी पौराणिक कथाओं के अनुसार राजा इंद्रद्युम्न ने पुरी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की काष्ठ प्रतिमाएँ स्थापित की। जब ये प्रतिमाएँ तैयार हुईं, तो राजा ने विद्वान ब्राह्मणों और संतों से प्रतिष्ठापना विधि पूछी, तब उन्होंने ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन देवताओं को पवित्र स्नान कराने की सलाह दी। यही देवस्नान पूर्णिमा कहलाया। मान्यता है कि इसी दिन भगवान ने पहली बार सार्वजनिक दर्शन दिए थे।

### विश्वकर्मा की अनूठी शर्त और 'अनवसर' का रहस्य

एक अन्य कथा के अनुसार, देवशिल्पी विश्वकर्मा भगवान जगन्नाथ की प्रतिमाएं बना रहे थे। उन्होंने राजा इंद्रद्युम्न से एक शर्त रखी कि जब तक प्रतिमाएँ बन न जाएँ, कोई भी उस कक्ष में प्रवेश नहीं करेगा। हालांकि राजा की पत्नी गुंडिचा देवी ने उत्सुकतावश समय से पहले ही दरवाज़ा खुलवा दिया। परिणामस्वरूप, विश्वकर्मा क्रोधित होकर प्रतिमाओं को अधूरा छोड़कर चले गए। मंदिर में इन अधूरी प्रतिमाओं को ही स्थापित किया गया। लेकिन वो पूरी नहीं बन पायी थीं, इसलिए उन्हें साल में एक बार स्नान से पूर्ण करने का प्रयास होता है। इसके बाद नेत्रोत्सव के दिन वे नवयौवन के साथ प्रकट होंगे।

### उत्सव का आरंभ और पहंडी यात्रा

देवस्नान पूर्णिमा के दिन सुबह ब्रह्ममुहूर्त में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को गर्भगृह से बाहर पहंडी करते हुए में स्नान मंडप तक लाया जाएगा। पुरी की ही तरह यहाँ भी देवताओं को पहंडी विधि (प्रतिमाओं को धीरे-धीरे, झूलाते हुए) लाया जाता है। भक्तों के जयकारे और हरि बोल से पूरा वातावरण गूँजायमान रहेगा।

### गजवेश और अनवसर का महत्व

स्नान के बाद भगवान को विशेष रूप से गजवेश (हाथी के रूप में) में सजाया जाएगा। यह वेष भक्तों के लिए विशेष आकर्षक होता है। हाथी का यह रूप भगवान गणेश से जुड़ा है, जो शुभता और समृद्धि के प्रतीक हैं। यह भगवान के बीमार होने और ठीक होने का समय है। इन 15 दिनों में भगवान को विशेष आयुर्वेदिक औषधियाँ और काढ़े का भोग लगाए जाएगा, ताकि वे अपनी अस्वस्थता से उबर सकें। इस अवधि में प्रभु भक्तों को दर्शन नहीं देते। लेकिन मंदिर में पूजा और कीर्तन जारी रहेगा।

### जड़ी बूटी, औषधियों का लगेगा भोग-

अणसर गृह में 15 दिनों तक भगवान को वैद्य द्वारा तैयार की गई विशेष जड़ी-बूटियों वाली औषधियां और 'पाचक' का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद 27 जून को पूर्ण रुप से स्वस्थ हो जाएंगे। जिसे नेत्रोत्सव के रुप में मनाया जाएगा और फिर महाप्रभु अपने भाई व बहन के साथ रथ यात्रा करते हुए नगर भ्रमण करेंगे और भक्तों को दर्शन देंगे।

# महिलाओं और छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की दी जा रही डीप ट्रेनिंग

**भिलाई।** जीवनदान सेवा संस्था योगी फिटनेस अकेडमी और कला शक्ति अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आत्मरक्षा सेल्फ डिफेंस की नेशनल क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं तथा विद्यार्थियों को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक और सक्षम बनाने के लिए शुरु किया गया है।

इन क्लासेस में प्रतिभागियों को सुरक्षा के विभिन्न उपायों और तकनीकों की गहन जानकारी डीप ट्रेनिंग दी जा रही है। अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में यह प्रशिक्षण पूरी तरह से व्यावहारिक और उपयोगी बनाया गया है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में आत्मरक्षा की क्षमता विकसित की जा सके। कार्यक्रम के संयोजकों योगेश्वर मानिकपुरी महासचिव जीवन दान सेवा संस्था भिलाई टीम,प्रोपराइटर योगी फिटनेस अकेडमी ने बताया कि आत्मरक्षा आज की आवश्यकता बन चुकी है, और इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। यह क्लासेस सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खुली हैं और निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वावलंबन, आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति सजगता को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।



# डॉ. राधाबाई के जीवन संघर्ष को नित्य नाटिका के माध्यम से दी प्रस्तुति

वमौर्य कुशवाहा समाज महिला विंग खुर्सीपार के द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में उड़ान संस्था की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका शीर्षक भारतीय नारी के संघर्ष की कहानी इसी क्रम में मौर्य कुशवाहा समाज की महिलाओं द्वारा डॉ राधाबाई के जीवन संघर्ष को नित्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाटक में विभिन्न किरदार के रूप में संस्कृति वर्मा, राधाबाई बनी बरखा मौर्य और अन्य सहभागी साधना मौर्या, कांति मौर्य, आरती मौर्य, सविता मौर्या, मंजू मौर्य, मिथिलेश मौर्य, बबीता वर्मा, नीलिमा मौर्य और अन्य शामिल रहे।



**संस्था के कलाकारों के लगन और मेहनत की हुई सराहना**

**कार्नर न्यूज**

# खुमान साव की सांगीतिक यात्रा को याद कर चंदैनी गोंदा के कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि, कालजई गीतों की दी प्रस्तुति

**भिलाई।** खुमान साव की जयंती के अवसर पर चंदैनी गोंदा के कलाकारों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कुटेलाभांठा भिलाई में आयोजित किया गया था। इस दौरान कलाकारों ने तोला जाना परे ना काया ल छोड़के.... नाच नचनी हो झूम झूम के झमाझम.... अहो अहो मन भजो गणपति महाराज.... धरती के अंगना में चंदैनी फुलगे जैसे अनेक कालजई गीतों की प्रस्तुति दी। इसअवसर पर कला जगत से जुड़े कलाकार और साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंदराजी सम्मान से सम्मानित लोक गायक कुलेश्वर ताम्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जोगी राम वर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में संस्था के संरक्षक डॉ दीनदयाल साहू तथा भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल साहू थे।

### चंदैनी गोंदा में अपने जीवन के अनुभवों को किया साझा

कार्यक्रम में कुलेश्वर ताम्रकार ने चंदैनी गोंदा में अपने जीवन के शुरुआती दौर में गुजारे अनुभव को विस्तार से साझा किया। इसके बाद खुमान साव के सांगीतिक निर्देशन में बने गीतों में देवार गीत, छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना, गणेश वंदना प्रस्तुत भी किए। इसके साथ ही संस्था के निरंतर वृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जोगीराम वर्मा ने खुमान साव के साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए संस्था के क्रियाकलापों पर कविता प्रस्तुत किया।



सुंदरलाल साहू ने भी लोक मंच की प्रस्तुति को लेकर सुझाव दिए और संस्था के कलाकारों को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। आने वाले समय में वृहद रूप में कलाकारों को एकजुट कर कार्यक्रम करने की बात कही। संस्था के संरक्षक डॉ दीनदयाल साहू ने कलाकारों को अच्छी प्रस्तुति के लिए सतत प्रयासरत रहते एकजुटता बनाए रखने की बात कही। इसके साथ ही संस्था के कलाकारों के लगन और मेहनत की सराहना की।

### गीतों की दी प्रस्तुति

कलाकारों में ओम प्रकाश साहू, अनुराग थावरे, हरीश कुमार, गोपी पटेल, नानू, भूषण निषाद, शंकर सेन के अलावा अन्य कलाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तोला जाना परे ना काया ल छोड़के.... नाच नचनी हो झूम झूम के झमाझम.... अहो अहो मन भजो गणपति महाराज.... धरती के अंगना में चंदैनी फुलगे जैसे अनेक कालजई गीतों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में अनेक कला जगत से जुड़े कलाकारों और साहित्यकारों के अलावा दर्शकों की भी उपस्थिति रही।

अंत में कलाकारों ने संस्था को स्वच्छ परम्परा को बनाए रखने अपने संकल्प को अपने अंदाज में व्यक्त किया।



## सिटी इवेंट

# कबीर दोहे पालन करने से मिलती है आध्यामिक शांति



**भिलाई।** सद्गुरु कबीर पूर्णिमा समिति भिलाई दवरा रिसाली में आयोजित कबीर प्राकट्य महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कबीर पंथी समाज सहित आसपास के लोग शामिल हुए। इस दौरान विधिवत कबीर साहेब की पूजा अर्चना कर चौका आरती की गई। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और उन्होंने कबीर साहेब को प्रणाम कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सत्संग लाभ प्राप्त किया। इस दौरान ललित चंद्राकर ने कहा कि संत कबीर की अमृतवाणी का पालन हमें आध्यामिक सुख की अनुभूति प्रदान करता है। विश्व में अनेकों संत का अवतरण हुआ है, जिसमें से एक महान विचारक संतो में से एक थे संत कबीर। उनके बताए हुए मार्गों में चलने वाले कबीरपंथी कहलाए। लेकिन आज कलयुग की चकाचौंध दुनिया में कबीर पंथ कभी रहा था इस तारतम्य में चलने लगे है। युवाओं को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सत्य की राह, मांस, मदिरापान से दूर सात्विकता को धारण करते हुए भविष्य को उज्जवल बनाने का सुअवसर हमारे समाज के पास है। उन्होंने कबीर साहेब की वाणी को अपने जीवन में आत्मसात कर मानव कल्याण के लिए काम करने की बातें कबीर दोहे के साथ कही। कार्यक्रम में पप्पू दीपक चंद्राकर, एकनाथ अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, अर्चना कौर, केशव बंछोर, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, प्रदीप कुमार, ए. श्रीनिवास, हरपाल सिंह, ए.एल. चौहान, जानकी रमैया, राजू राम, आसपुरण चौधरी, अंचल यादव, संतोष कुशवाहा, ओकेशरी मारकंडे, किरण साहू, अहिल्या, भीमराज राजीम सुरेंद्र रजक, अंजू सिंह, किरण यादव, उर्वशी हिरवानी, संस्कृति वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

- युवा मांस मदिरा से रहे दूर, सत्संग लाभ से आध्यात्मिक शांति मिलती हैं

## हेल्थ इवेंट

# जांच शुल्क में भी रियायत,दो दिवसीय रक्तदान शिविर 14 को

**भिलाई।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 और 15 जून को दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन आशीर्वाद ब्लड बैंक भिलाई द्वारा किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर 14 जून को रक्त प्राप्त करने वाले मरीजों तथा उनके परिजनों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह पहल सेवा की भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत की जा रही है, जिससे ज़रूरतमंदों को तत्काल राहत मिल सके।आशीर्वाद ब्लड बैंक भिलाई द्वारा 21 अप्रैल 2025 से भारत सरकार द्वारा निर्धारित जाँच शुल्क और प्रोसेसिंग शुल्क 1550 प्रति यूनिट से घटाकर 1100 कर दिया गया है। यह निर्णय आमजन को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए लिया गया, जिससे रक्त सेवा अधिक आसान और सुलभ हो सके। आशीर्वाद ब्लड बैंक विगत कई वर्षों से सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ रक्तदान अभियान चला रहा है, जिसमें न केवल सैकड़ों जीवन बचाए गए हैं, बल्कि रक्तदान के प्रति सामाजिक चेतना भी विकसित हुई है। ब्लड बैंक दवरा सभी नागरिकों से जीवन को संजीवनी देने अधिक से अध्क संख्या में रक्तदान करने अपील किये है।



- 14 जून को मरीजों को रक्त नि :शुल्क दिया जाएगा
- विश्व रक्तदाता दिवस पर दो दिवसीय रक्तदान शिविर 14 व 15 जून

## लाइव इवेंट

# महाराष्ट्रीयन तेली समाज देगा अमर शहीद राव को आज श्रद्धांजलि

**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा दुर्ग में आज शाम 5 बजे सुकमा कोंटा ब्लास्ट में एसीपी आकाश राव गिरेपुंजे को श्रद्धांजलि दी जाएगी। अमर शहीद आकाश राव गिरेपुंजे महाराष्ट्रीयन तेली समाज के सक्रीय तथा सम्माननीय सदस्य थे।

महाराष्ट्रीयन तेली समाज के महासचिव आशीष चिन्धालोरे और अध्यक्ष राजेंद्र डोरले ने जानकारी देते हुए बताया कि यह श्रद्धांजलि सभा सूर्या मॉल के फर्स्ट फ्लोर में शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी। इस श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में गणमान्य शहरवासी शहीद को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। डॉ.अजय आर्य मलेवार ने बताया कि आकाश राव गिरेपुंजे न केवल एक ऑफिसर के रूप में अपितु एक मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक व्यक्ति के नाते बहुत सरल और सहृदय व्यक्ति थे। मेरा उनसे व्यक्तिगत संपर्क परिचय था। पिछले दिनों वे मेरे घर मिठाई लेकर आए थे। मेरे लिए यह एक व्यक्तिगत क्षति है। नक्सली हिंसा के खिलाफ जिस संकल्प के साथ सभी कार्य कर रहे थे आशा है कि छत्तीसगढ़ जल्द ही नक्सल मुक्त होगा और गिरेपूंजे का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।



- श्रद्धांजलि सभा में जुटेंगे शहरवासी

● ब्रह्माकुमारीज़ का आयोजन गुड बॉय टेंशन अलविदा तनाव शिविर का सातवां दिन

# नेचुरोपैथी, एलोपैथिक और होम्योपैथी के साथ हमें सिम्पैथी को भी अपनाना है, बनेगा पॉजिटिव हार्मोन, सेल्फ मेडिटेशन जरुरी

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित नौ दिवसीय "गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर" के सातवें दिन ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि हमारे शरीर को ठीक करने के लिए जैसे नेचुरोपैथी, एलोपैथिक और होम्योपैथी मेडिसीन जरुरी है ठीक वैसे ही दिमाग को ठीक रखने और तनाव मुक्त रहने के लिए हमें सिम्पैथी यानी शुभ भावना, गुड विशेस टू एवरीवन को जीवन में अपनाना आवश्यक है। पॉजिटिव सोचने से हमारे शरीर में पॉजिटिव हार्मोन का निर्माण होता है। जीवन में कई बातें, समस्याएं आएंगी और जायेंगी, ये लाइफ के फंडामेंटल है। जैसी मेरी भावनाएं दूसरों के प्रति है, वैसी उनकी भावना मेरे प्रति होगी। मानसिक चिंताओं और समस्याओं से छुटने के लिए जस्ट ए मिनट फॉर सेल्फ मेडिटेशन की प्रैक्टिस आवश्यक है। गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर में लोग रोज तनावमुक्ति के इंजेक्शन (मंत्र) का डोज ले रहे है। लोगो का कहना है कि रोजमर्रा में हर व्यक्ति किसी न किसी तनाव से गुजरते ही है। तनाव मुक्ति के लिए यह शिविर में सिखाई गई बाते और घर में उसका लगातार अभ्यास करने से टेंशन खुद ब खुद दूर भाग रहा है।



### डिजिटल कर्फ्यू और डिजिटल फास्टिंग जरूरी

शिविर के दौरान बीके पूनम ने बताया कि ओवर डोज ऑफ इन्फोर्मेशन हमारी मेंटल और फिजिकल हेल्थ को प्रभावित कर रहा है। इसलिए हम तन और मन से डबल बीमार हो रहे है। आज डिजिटल कर्फ्यू और डिजिटल फास्टिंग जरूरी है। इसकी दवा बताते हुए उन्होंने कहा कि नेचुरोपैथी, एलोपैथिक और होम्योपैथी के अलावा हमें सिम्पैथी (शुभ भावना गुड विशेस टू एवरीवन) को जीवन में अपनाना है। पॉजिटिव सोचने से हमारे शरीर में पॉजिटिव हार्मोन का निर्माण होता है। हमें अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगना और दूसरों को क्षमा दान करना होगा। क्षमा मांगने के लिए अंहकार (ईगो) को डाउन करना पड़ेगा।

### मेडिटेशन से खुशी, आनंद, प्रेम, शांति की अनुभूति

रिश्तों को सुधारने के लिए रहम के साथ धैर्य रखना है। शुभ भावना रखने में थकना नहीं है। ब्रह्माकुमारी पूनम ने सातवें दिन स्प्रीचुअल इंजेक्शन (मंत्र) अभ्यास के लिए देते हुए कहा कि "मैं भाग्यवान हूं, मुझ जैसा भाग्यवान इस सृष्टि पर कोई और नहीं। इसका उन्होंने कॉमेंट्री के माध्यम से अनुभव भी कराया। उन्होंने सभी से बचपन से अभी तक के जीवन की घटनाओं, कमजोरियों, गलतियों, जिम्मेंदारी, बोझ को पत्र में लिखकर मेडिटेशन के माध्यम से तनाव, चिंता, बोझ परमात्मा को समर्पण कराया तथा खुशी, आनंद, प्रेम, शांति की अनुभूति कराई।शिविर के अंतिम सत्र में अलौकिक जन्मोत्सव मनाकर सभी ने उमंग उत्साह से राधेकृष्ण के साथ खुशियों, संस्कार मिलन, सदा के लिए तनावमुक्त गुड बाय टेंशन पर महारास करते हुए नृत्य किया।



## आयोजन...

# मेकअप आर्टिस्ट बनकर महिलाएं और युवतियां बनेंगी आत्मनिर्भर





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जगह-जगह कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें विभिन्न कौशल विशेषज्ञों द्वारा सिखाए जा रहे है। इसी कड़ी में जीवनदान सेवा संस्था निरंतर प्रयासरत रहते हुए राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं और युवाओं को नए अवसरों की ओर प्रेरित किया जा सके। कार्यशाला के दौरान बुधवार को नेट सर्फ कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संस्था द्वारा महिलाओं के लिए नेशनल ट्रेनर अंशुल सिंग द्वारा ब्यूटीशियन कोर्स की निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को न केवल सौंदर्य सेवा से संबंधित उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया, बल्कि उन्हें स्वरोजगार की दिशा में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के बाद आत्मनिर्भरता की भावना से ओतप्रोत दिखीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना, उन्हें रोजगार के नए विकल्पों से जोड़ना और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर संस्था के महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर महिला को उसकी क्षमताओं के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वह अपने जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सके। संस्था का यह प्रयास ना केवल सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह प्रदेश की युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का भी प्रतीक है। कार्यशाला के दौरान महिलाओं और युवतियों ने ब्यूटीशियन के गुर सीखे। एक्सपर्ट द्वारा उन्हें मेकअप, हेयर स्टाइल और स्कीन टाईप पैक बनाना सिखाया गया।

ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

# उद्योग, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण



**दुर्ग।** ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थान में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाता है। इस आवासीय प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म-उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जायेगा। संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग 45 दिन, 18 जून से मोबाईल रिपेयरिंग 30 दिन और 23 जून से फोटोग्राफी और विडिओग्राफी 31 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए ऑनलाईन लिंक https://forms.gle/vsMyXTTwb7mEwdbX6 और शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास जुनवानी भिलाई दुर्ग से सम्पर्क किया जा सकता है।

22 वर्षों बाद मिले साक्षरता अभियान के कार्यकर्ता

# साक्षरता अभियान में भागीदारों का सम्मेलन दुर्ग जिला के साक्षर होने के अनुभव किए साझा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग ज़िले में 90 के दशक में चले साक्षरता अभियान में भागीदारी देने वाले कार्यकर्ताओं का पुनर्मिलन सम्मेलन साक्षरता मित्र मंच के तत्वावधान में भिलाई में हुआ । आयोजन में साक्षरता अभियान व सामाजिक परिवर्तन में क्रियाशील विशिष्ट लोगों डां. डीएन शर्मा, पद्मश्री शमशाद बेग़म, पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, विभाष उपाध्याय, डां.चुन्नीलाल शर्मा, अनिता उपाध्याय, रामकुमार वर्मा व बी पोलम्मा का सम्मान किया गया । शमशाद बेग़म ने गुण्डरदेही के एक मुस्लिम मोहल्ले में उनके द्वारा आरंभ साक्षरता कक्षा से पद्मश्री प्राप्त करने तक की अपनी यात्रा के अनुभव बताए । डोमार सिंह कुंवर ने कला जत्थों के माध्यम से ज़िले में साक्षरता में योगदान को बताया। चुन्नीलाल शर्मा ने इस अभियान में जीवन यदु, मुकुंद कौशल, परदेसी राम वर्मा, शरद कोकास आदि रचनाकारों व लोक कलाकारों की भूमिका का स्मरण किया ।





### कल्याणकारी कार्यक्रम भी हुए सफल

विभाष उपाध्याय ने ज़िले में मितानिन कार्यक्रम के माध्यम से जनस्वास्थ्य के प्रति जागरण व जलग्रहण क्षेत्रों में योगदान पर विचार व्यक्त किए । प्रशांत पांडे, सुनील मिश्रा, अनूपा मढ़रिया, घनश्याम देवांगन ने भी विचार व्यक्त किए।शरद कोकास ने साक्षरता पर रचना पाठ किया । डां. डीएन शर्मा ने कहा कि जिला साक्षरता समिति द्वारा संचालित साक्षरता व उत्तर साक्षरता अभियान, मितानिन जैसे जनस्वास्थ्य कार्यक्रम, लाइफ़ लाइन एक्सप्रेस आदि कार्यक्रम से भागीदारी से ही सफलता प्राप्त कर सके । दिनेश कुमार टॉक, विवेक अग्रवाल, शिवराज शुक्ला ने गीत सुनाएइस अवसर पर राम कुमार वर्मा, प्रेमलता मढ़रिया, केशव शर्मा, कुशल ठाकुर, एम पी शुक्ला, डा शैल वर्मा, टिकेश्वरी देशमुख ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन एसएस परिहार ने किया । इस अवसर पर महेश चतुर्वेदी, रत्ना नारमदेव, सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, रवि शर्मा, चंद्रपाल हरमुख, ममता यादव, शारदा मेश्राम,यशवंत धोटे, पवित्रा शर्मा, डां. अंजना श्रीवास्तव व सरोज सिंह आदि उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय सी कायाकिंग एवं स्टैंड-अप पैडलिंग में मिले छह पदक



**रायपुर।** तीसरी राष्ट्रीय सी कायाकिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप-2025 का आयोजन 5 से 8 जून तक मछलीपट्टनमआंध्र प्रदेश, में किया गया ! जिसमे छत्तीसगढ़ के सौरभ साहू को सी कायाक के-1 श्रेणी के 500 मीटर और 2 किलोमीटर में दो स्वर्ण पदक,साथ ही के-1 200 के व के-1 200 मीटर में रजत पदक प्राप्त किए। सौरभ साहू और सौरभ कुमार के-2 500मीटर में रजत पदक, पुनीत कुमार ने 500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ टीम के साथ गए प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव भारतीय कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन व सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को कुल छह पदक प्राप्त हुए एवं ओवरऑल पदक तालिका में हमारा राज्य छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। जिसके लिए आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कोल्लू रवींद्र मंत्री, खनिज एवं भूविज्ञान आंध्र प्रदेश सरकार ने ट्राफी छत्तीसगढ़ टीम को प्रदान की।

राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बलदेव सिंह भाटिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, अभिजीत मिश्रा, सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, दिव्यम अग्रवाल, रविंद्र सिंह और डॉ नवीन बाफना, सहित संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य को ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक पदक दिलाने वाला यह खेल साई सेंटर रायपुर में पुनः शामिल नहीं हो पा रहा है। संघ के द्वारा आर डी साई, डी जी साई, साई सेंटर रायपुर को पत्र लिखा जा चुका है उक्त पत्र में स्पष्ट लिखा जा चुका है कि ट्रेनिंग के लिए सभी खेल उपकरण राज्य संघ के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अगर आपके सेंटर में जगह नहीं है तो डे बोर्डिंग के माध्यम से उक्त खेल को सम्मलित किया जाना आवश्यक है। जिस से उक्त खेल के खिलाड़ियों को कोच की व्यवस्था हो सके और उन्हें नियमित प्रशिक्षण मिल सके। जिससे विगत वर्षों की तरह राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक दिलाते रहे। संघ के द्वारा बूढ़ातालाब के साथ साथ तेलीबांधा तालाब में कायाकिंग केनोइंग खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु अनुमति के लिए पत्र नगर निगम कमिश्नर को लिखा गया है। राज्य की राजधानी के मध्य स्थित तेलीबांधा तालाब में कयाकिंग खेल के खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### महिला क्रिकेट में रूमा दास की शानदार पारी, जड़ा शतक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेन/अंडर-23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन ने वेस्ट जोन के विरुद्ध 25 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 6 विकेट पर 183 रन बनाए। जिसमें रूमा दास ने नॉट आउट 100 रन (कैरिंग द बैट अर्थात ओपनिंग बैटिंग से अंत तक आउट नहीं होना) शिवानी कृष्णा ने 33 रन और तानिया बेरिया ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की प्रिया साव ने 4 विकेट, कृति गुप्ता एवं डाली ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन की टीम 158 रन पर आउट हुई। जिसमें निधि सूर्यवंशी ने 73 रन और कामना यादव ने 37 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में ईस्ट जोन की दीप्ति ढीमर ने 4 विकेट, तान्या बेरिया ने 3 विकेट, ख्वाब नागवाणि एवं मानसी उपाध्याय ने एक-एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में हुए मैच में टीम नॉर्थ जोन ने साउथ जोन के विरुद्ध 6 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन की टीम 132 रन पर आउट हुई। जिसमें सृष्टि शर्मा ने 32 रन, प्रांशु प्रिया ने नॉट आउट 21 रन और संजना पारधी ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की किरण वर्मा एवं उर्मिला हरिना ने दो-दो विकेट लिए। प्रतिज्ञा सिंह, आंशी अग्रवाल एवं दीप माला मिंज ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 4 विकेट पर 133 रन बनाए। जिसमें शिवी पांडे ने नॉट आउट 74 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 16 रन और ईशा भारती देवांगन ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी साउथ जोन प्रांशु प्रिया ने 2 विकेट और हेमा मांडवी ने एक विकेट लिए।



फिटनेस एक्सपर्ट सुचेता पाल ने बताए उपाए

# नई मां के लिए पोस्टपार्टम चुनौतियों का सामना करना होता है मुश्किल, अपनाएं जरूरी टिप्स

नई मां बनने के बाद पोस्टपार्टम चुनौतियों का सामना कितना मुश्किल होता है, फिटनेस एक्सपर्ट सुचेता पाल अपने अनुभव के साथ बताती हैं। जानें कैसे नई माताएं इन समस्याओं से लड़ सकती हैं और स्वस्थ एवं मजबूत बन सकती हैं।

हमने कई बार और कई लोगों के मुंह से यह बात सुनी होगी 'मां बनना आसान नहीं होता है।' इस बात में कितनी सच्चाकई यह तो एक और मां बनकर ही जान सकती है। मगर मं बनने के बाद जो मानसिक और शारीरिक चुनौतियां आती हैं, उनके बारे में खुलकर बात करना बहुत जरूरी है। खासतौर पर तब जब महिला वर्किंग मॉम हो। मैं खुद एक मां और मैटर्नल फिटनेस एड्युकेटर हूं। मेरा अनुभव है कि 6 महीनी की मैटर्निटी लीव एक नई मां के लिए कई लिहाज से सफिशियंट नहीं है। खासतौर पर उसके शारीरिक और मानसिक स्वा स्टैट की बात की जाए, तो बच्चाय पैदा करने के 1 साल बात तक भी महिलाएं पूरी तौर पर शारीरिक और मानसिक रूप से रिकवर नहीं कर पाती हैं। पोस्टपार्टम से जुड़ी चुनौतियों का सामना उन्हें कई बार तो 1 वर्ष से अधिक समय तक भी करना पड़ता है। ऐसे में जब महिला अपनी वर्कप्लेस पर वापस लौटती है, तो लोगों की उम्मीद उससे वैसी ही होती है, जैसे मां बनने से पहले थी। लोग उसके एफिशियंट होने पर भी सवाल उठा देते हैं। मगर लोगों को नहीं पता होता है कि पोस्टव डिलिवरी एक महिला को सेहत से जुड़ी किन परिस्थितियों से गुजरा पड़ सकता है।₹



### न्यू मॉम की फिटनेस के बारे में समझें


यह स्वकभाविक है कि वर्कप्लोस पर हमारे कलीग्सै हमसे उसी तरह के काम और एफर्ट्स की अपेक्षा करते हैं, जैसा वो कर रहे हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है, मगर मैटरनिटी लीव के बाद जब एक महिला वापिस काप पर लौटती है, तो वापस से काम से जुड़ने में और उसे समझने में उसे थोड़ा वक्तज लग सकता है। दरअसल, एक नई मां कई चीजों से डील कर रही होती है। शारीरिक रूप से वह पूरी तरह से स्वास्य् मह नहीं हो पाती है, वहीं मानसिक और भावनात्म क रूप से भी वह कई परिस्थितियों का सामना कर रही होती है। सभी माताओं के साथ अलग-अलग सिचुएशन होती है, ऐसे में उन्हेंत एडजस्टर होने के लिए थोड़ी स्पोस और वक्त मिलना बहुत ही आवश्यरक है।

### कमजोरी और अस्थिरता

एक मैटरनल फिटनेस एड्युकेटर होने के नाते मैंने कई ऐसी न्यूट मॉम्से को देखा है, पोस्टि डिलिविरी डायस्टेंसिस रेक्टि नामक परेशानी से जूझ रही होती हैं। दरअसल, प्रेग्नेंमसी के दौरान पेट की मांसपेशियां अलग हो जाती हैं। इसे डिलिवरी के बाद ठीक होने में समय लगता है। इससे हर वक्त लगता है कि पेट लटक रहा है। जाहिर है, महिला का शरीर वैसा नहीं दिखता जैसा पहले दिखता था। ऐसे में लो कॉन्फिडेंस का होना न्यूह मॉम के लिए बहुत बड़ी चुनौती होता है।

पेल्विक फ्लोर समस्याएं

जरा सोचिए कि आपको थोड़ी-थोड़ी देर में वॉशरूम जाना पड़े और आपसे 1 मिनट भी न रुका जाए। जाहिर, वर्कप्लेसि पर यह परेशानी आपको कई बार बहुत ऑकवर्ड फील कराती है। दरअसल, ऐसा पेल्विक



फ्लोर के कमजोर होने के कारण होता है। ऐसे में आपको पता भी नहीं चलता और पेशाब का रिसाव होने लगता है। कई बार आपको भारीपन महसूस होता है। पोस्टं डिलिवरी यह बहुत ही आम समस्यास है। हर महिला के साथ ऐसा नहीं होता मगर 3 में से 1 महिला के साथ ऐसा हो सकता है। इस पर खुलकर चर्चा जरूरी है ताकि न्यू मदर के साथ जब ऐसा हो तो उसके आस-पास के लोग उसकी परेशानी को समझ पाएं।

### पीठ दर्द का होना

प्रेग्नें सी और पोस्टे प्रेग्नें।सी महिलों के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। इससे उनके लिगामेंट्स ढीले हो जाते हैं, जिससे एक ही मुद्रा में बैठे रहना और बहुत अधिक चलना या खड़े रहना भी उनके लिए मुमकिन नहीं होता है। यहां भी उन्हें सपोर्ट की जरूरत होती है। कई बार महिलाएं इस बारे में बात नहीं कर पाती हैं।



## दोस्तों की जगह महिलाएं एआई से ले रही हैं सलाह, आया बदलाव

आज के डिजिटल दौर में एआई टूल्स ने हमारे कई कामों को आसान बना दिया है। वहीं, एआई टूल्स अब रिलेशनशिप एडवाइजर भी बन चुके हैं। आजकल महिलाएं एआई से अपने रिश्ते को लेकर सलाह ले रही हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए ज्यादा समय नहीं है और अब तो डिजिटल दुनिया में महिलाएं अपने रिश्तों की उलझनों को सुलझाने के लिए दोस्तों या काउंसलर के पास भी कम ही जा रही हैं। महिलाएं अब खुलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स से सलाह ले रही हैं, बिना किसी झिझक के! चाहे ब्रेकअप के बाद क्या करना है या किसी रिश्ते में क्या बोलना है, ऐसे सभी सवालों के जवाब उन्हें एआई टूल्स से मिल पा रहे हैं। अगर आपको लग रहा है कि यह सिर्फ एक नया ट्रेंड है, तो आप शायद गलत हैं। असल में, लोग अब अपनी भावनाओं को किसी इंसान से कहने के बजाय टेक्नोलॉजी से कहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि



आजकल औरतें अपने रिश्तों में मदद पाने के लिए इंसानों की जगह एआई को क्यों चुन रही हैं।

जब हमारी लव लाइफ में कुछ गड़बड़ होती है, तो हम अक्सर अपने दोस्तों या घर के लोगों से सलाह मांगते हैं। लेकिन कई बार उनकी सलाह में उनकी अपनी सोच या इमोशन मिले होते हैं। वो भले ही हमारी भलाई चाहते हों, पर वो अपने हिसाब से ही हमें राय देते हैं। इसीलिए आजकल महिलाएं ऐसी सलाह के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद ले रही हैं, जो बिना किसी का साथ दिए सिर्फ आपकी बात सुने और समझदारी से जवाब दे।


### जब भी जरूरत हो, तुरंत और पर्सनल मदद

कई बार जब हमारा दिल टूट जाता है या हम परेशान होते हैं, तो हमें किसी से बात करने का मन करता है, लेकिन जरूरी नहीं कि उस समय कोई दोस्त या अपना हमारे पास हो। ऐसे में एआई चैटबॉट तुरंत जवाब देता है। चाहे रात के दो बज रहे हों या जब हमें अकेलापन महसूस हो रहा हो।

### बिना जज किए बात सुनना और आपकी प्राइवेसी का ध्यान रखना

जब हमारे रिश्ते में कोई मुश्किल आती है, तो उसे किसी के साथ शेयर करना कठिन होता है। हमें यह चिंता सताती रहती है कि कहीं सुनने वाला हमें ही गलत ना समझ बैठे या हमारी बातों को किसी दूसरे को जाकर ना बता दे। ऐसे में एआई टूल्स मददगार साबित होते हैं, जिनके सामने बिना किसी डर के हम अपनी बात खुलकर कह पाते हैं। इससे आपको अपने रिश्ते की परेशानियों को अच्छे से समझने और उनका हल ढूंढ़ने में मदद मिलती है।

वैसे तो रिलेशनशिप के बारे में सलाह लेने के लिए काउंसर मौजूद होते हैं, लेकिन इनकी फीस बहुत ज्यादा होती है। हर कोई इनके पास जा नहीं सकता है। ऐस में एआई प्लेटफॉर्म आपकी दिक्कतों और सवालों पर अच्छी सलाह दे सकता है और इसके लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च करने की जरूरत नहीं होती है।



## केले के छिलकों की मदद से झटपट चमकाएं वुडन आइटम

अगर आप अपने घर में मौजूद वुडन आइटम्स को नेचुरल तरीके से क्लीन करना चाहती हैं और उन्हें लंबे समय तक नया बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में केले के छिलके का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### लकड़ी का फर्नीचर चमकाएं


लकड़ी के फर्नीचर की चमक को वापिस लाने के लिए केले के छिलके की मदद ले सकते हैं। इसके लिए पके हुए केले के छिलके के अंदरूनी सफेद हिस्से की मदद से लकड़ी के फर्नीचर को हल्के हाथ से रब करें। दरअसल, इसमें मौजूद नेचुरल ऑयल और पोटैशियम लकड़ी को नमी देते हैं और उसमें चमक लौटाते हैं। फर्नीचर को रगड़ने के बाद एक साफ सूखे कपड़े से हल्के हाथ से पोंछें। इससे फर्नीचर और भी चमकने लगेगा।

### लकड़ी के फर्श के दाग करें साफ

लकड़ी के फर्श पर अगर गलती से छोटे दाग या स्क्रैच हों तो ऐसे में केले के छिलके को सीधे उस जगह रगड़ें। इससे ना केवल हल्के स्क्रैच को भरने में मदद मिलेगी, बल्कि लकड़ी को पोषण भी मिलेगा। इसके बाद आप फर्श को सूखे कपड़े से पोंछ लें।

### पानी के दाग करें साफ

लकड़ी के फर्नीचर पर बहुत आसानी से पानी के निशान पड़ जाते हैं। ऐसे में उन्हें साफ करने में भी लकड़ी का फर्नीचर काम आ सकता है। इसके लिए आप पानी के धब्बों को केले के छिलके से



धीरे-धीरे रगड़ें। अब इसे एक साफ सूखे कपड़े से पोंछ दें, चाहें तो हल्का सा ऑलिव ऑयल भी पॉलिश के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। छिलके में मौजूद नेचुरल वैक्स दागों को हटाने में मदद करता है।

### चॉपिंग बोर्ड की करें सफाई

किचन में लकड़ी का चॉपिंग बोर्ड भी पूरी केयर मांगता है। ऐसे में उसकी सफाई करने के लिए केले के छिलके की मदद लें। चॉपिंग बोर्ड को छिलके की मदद से रगड़ें। इससे उसमें जमी चिकनाई हटती है और हल्की सी गंध भी कम होती है। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें और अच्छे से सुखा लें ताकि नमी से नुकसान न हो।

## सूखने लगा है पसंदीदा जेड प्लांट तो ऐसे रखें हरा-भरा

गर्मियों के मौसम में पौधों को खास देखभाल की जरूरत होती है। इस मौसम में पौधे सूखने लगते हैं। इसी तरह अगर आपका जेड प्लांट भी अगर सूखने लगा है, तो आप उसे 5 टिप्स की मदद से फिर से हरा भरा कर सकते हैं।



### सही मात्रा में डालें पानी

जेड प्लांट को सूखने से बचाने के लिए उसमें सही मात्रा में पानी डालना जरूरी है। जब आपके जेड प्लांट की मिट्टी ऊपरी परत1-2 इंच तक सूखी हो, तब उसमें पानी डालें। पौधे में ज्यादा पानी ना डालें। ओवरवॉटरिंग से जेड प्लांट की पत्तियां सड़ सकती हैं।

### सही धूप है जरूरी

जेड प्लांट को बहुत ही ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। ये प्लांट बहुत ही हल्की धूप में भी ग्रो करता है। इसे सीधी तेज धूप में बिल्कुल ना रखें। इससे पत्तियां जल सकती हैं। अगर पत्तियां पीली पड़ रही हैं, तो ये धूप की कमी का संकेत है। इस पौधे को रोजाना कम से कम 4-6 घंटे की धूप दिखाएं।

### तापमान का रखें खास ख्याल

अगर आपने घर के अंदर जेड प्लांट रखा है, तो तापमान का ख्याल रखना जरूरी है। इसे हमेशा ऐसी जगह पर रखें, जहां तापमान 18C से 24C हो। ये रूम टेंपरेचर पर ज्यादा अच्छे के ग्रो कर पाता। इसे आप गर्मियों में खिड़की के आसपास रख सकते हैं।

### कटिंग करते रहें

जेड प्लांट को घना बनाने और गर्मी में खराब होने से बचाने के लिए इसकी समय-समय पर कटिंग करते रहें। इससे मां लक्ष्मी के सबसे प्रिय पौधे को ग्रो करने में मदद मिलती है।

कार्नर न्यूज

नए दौर का चलन, हो सकता है आपके लिए फायदेमंद

# तेजी से फैट लॉस के लिए बढ़ रहा है ड्राई फास्टिंग का चलन, इंटरमिंटेंट फास्टिंग से है बिल्कुल अलग

आज का जमाना शॉर्ट कट का है और इसलिए लोग हर चीज फटाफट पाना चाहते हैं। यहां तक कि अगर उन्हें फैट लॉस करके बॉडी को शेप में लाना हो, तब भी वे इसके लिए इंतजार नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में वे उन तरीकों के बारे में खोजते हैं, जो कम से कम समय में उन्हें बेहतर रिजल्ट दे सकें। यही वजह है कि लोग ड्राई फास्टिंग करना पसंद करते हैं।

ड्राई फास्टिंग करना इंटरमिटेंट फास्टिंग का भी नेक्स्ट लेवल माना जाता है, क्योंकि इसमें आपको ना तो कुछ खाना होता है और ना ही कुछ पीना होता है। यहां तक कि पानी भी नहीं। ऐसा माना जाता है कि इससे काफी जल्दी फैट बर्न होता है, क्योंकि शरीर फैट को एनर्जी में बदलता है और फैट सेल्स से पानी निकालकर उन्हें बर्न करता है। साथ ही, सेल रिपेयर में भी मदद मिलती है और डाइजेशन को पूरा आराम मिलता है।

ड्राई फास्टिंग को कम समय में फैट बर्न करने का एक अच्छा तरीका माना गया है, लेकिन यह थोड़ा एक्सट्रीम लेवल है और इसलिए इसे ध्यान से किया जाना चाहिए। अगर इसमें गड़बड़ की जाती है तो इससे आपकी सेहत पर भी उल्टा असर पड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी



आपको ड्राई फास्टिंग के बारे में बता रही हैं-

### ड्राई फास्टिंग क्या होती है

जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि ड्राई फास्टिंग में व्यक्ति खाने के साथ-साथ पानी भी छोड़ देता है। इसमें पानी की एक बूंद भी नहीं ली जाती है। इसे फास्टिंग का एक एक्स्ट्रीम लेवल माना जाता है। आमतौर पर, इस फास्टिंग को लोग अपनी क्षमतानुसार 12, 24 या 36 घंटे के लिए करते हैं। ड्राई फास्टिंग के दौरान जीरो कैलोरी ड्रिंक जैसे पानी या ग्रीन टी आदि को भी पूरी तरह अवॉयड किया जाता है।

### ड्राई फास्टिंग आमतौर पर दो तरह की होती है-

**सॉफ्ट ड्राई फास्टिंग** - इस तरह की फास्टिंग में कुछ भी खाने-पीने से पूरी तरह परहेज किया जाता है, लेकिन फिर भी लोग ब्रश करते हैं या फिर नहा सकते हैं।

**हार्ड ड्राई फास्टिंग** - इस तरह की फास्टिंग बहुत अधिक कठिन मानी जाती है। इसमें खाना-पीना तो पूरी तरह से मना होता है, बल्कि साथ ही साथ शरीर पर भी पानी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। ना ही ब्रश किया जाता है और ना ही लोग नहाते हैं।

### ड्राई फास्टिंग और इंटरमिटेंट फास्टिंग में क्या अंतर है

ड्राई फास्टिंग और इंटरमिटेंट फास्टिंग को अक्सर लोग एक ही समझते हैं, जबकि इन दोनों फास्टिंग में काफी अंतर होता है। इंटरमिटेंट फास्टिंग में आप फास्टिंग विंडो के दौरान पानी व ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। जबकि, ड्राई फास्टिंग के दौरान पानी की एक बूंद भी नहीं ली जाती है। जहां इंटरमिटेंट फास्टिंग में फैट लॉस धीरे-धीरे होता है, वहीं ड्राई फास्टिंग के दौरान यह प्रोसेस थोड़ा तेज़ हो



सकता है। अगर आप ड्राई फास्टिंग करना चाहती हैं तो आपको कुछ बातों का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। मसलन- कभी भी एकदम से ड्राई फास्टिंग शुरू ना करें। अगर आप बिगनर हैं, तो पहले कुछ वक्त के लिए इंटरमिटेंट फास्टिंग करें। आप 14:10 या 16:8 विंडो चुन सकती हैं। इसके बाद ही ड्राई फास्टिंग पर स्विच करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बदल गया एक्ट्रेस लिली का चेहरा, बोलीं- 'अच्छा हुआ...'

हाल ही में 'एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटुमेनिया' फेम अभिनेत्री इवेंजलीन लिली की सोशल मीडिया पर तस्वीर सामने आई है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। इस



तस्वीर में उनके नाक और होंठ पर गंभीर घाव के साथ खून के धब्बे दिख रहे हैं और टांके भी लगे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वो समुद्र तट पर बेहोश हो गई थी, जिस कारण उन्हें ये चोटें लग गई। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बेहोशी के कारण का भी खुलासा किया है। अभिनेत्री लिली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी घायल अवस्था में सेल्फी शेयर की है। उस तस्वीर में एक्ट्रेस के नाक और होंठ के बीच गहरा घाव दिख रहा है, जिस कारण उनका चेहरा फूला हुआ भी है। हॉलीवुड अभिनेत्री ने पोस्ट के कैप्शन में बताया, 'मैं समुद्र तट पर बेहोश हो गई और एक चट्टान से टकराकर मुंह के बल गिर गई थी।' आगे उन्होंने लिखा, अस्पताल में नर्स और डॉक्टर तुरंत हरकत में आ गए। वे मेरे चेहरे पर बने घाव को ठीक करने की बजाय, मेरे बेहोश होने का कारण जानना चाहते थे। इसपर मैनें एक कांपती आवाज में कहा कि 'आपको कुछ नहीं मिलेगा।' पीपल की रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री ने बताया कि जब वह छोटी बच्ची थी, तब से उन्हें बेहोशी के दौरे पड़ते थे। डॉक्टरों ने तब मिर्गी की संभावना को खारिज करने के बाद कि उन्हें हाइपोग्लाइसीमिया (लो ब्लड शुगर) की बीमारी बताई। अभिनेत्री ने बताया कि जैसे-जैसे वो बड़ी होती गई उनका स्वास्थ्य सामान्य होने लगा। फिर उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह थी कि 12 घंटे के उपवास और बेहोश होने के बाद भी उनका ग्लूकोज का स्तर कभी भी कम नहीं हुआ, जो उनकी हाइपोग्लाइसीमिया की बीमारी को खारिज करता है।

पीपल की रिपोर्ट के अनुसार लिली ने स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि उनके बेहोश होने का कारण उनकी भावनात्मक भलाई से जुड़ी हो। अभिनेत्री ने कहा, 'जब दर्द बहुत अधिक हो जाता है, तनाव अत्यधिक हो जाता है, बिखरा हुआ आदर्शवाद कुचलने लगता है, तो मेरी आत्मा मेरे शरीर से बाहर निकल जाती है और मैं बेहोश हो जाती हूं। फिर एक शुद्ध आत्मा में लौट आती हूं।' उन्होंने कहा कि वह आभारी

### टॉलीवुड

## बदली 'किंगडम' की रिलीज डेट, अगले महीने तक इंतजार करना होगा फैंस को

पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की नई रिलीज डेट की जानकारी सामने आने के बाद अब विजय की फिल्म 'किंगडम' की नई रिलीज



डेट सामने आ चुकी है। विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित जासूसी एक्शन ड्रामा फिल्म 'किंगडम' की रिलीज डेट एक बार फिर टल सकती है। पहले यह फिल्म 4 जुलाई, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म अब 25 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है, क्योंकि उस तारीख पर नितिन की फिल्म 'थम्मुडु' पहले से रिलीज होना तय हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के अलावा मुख्य भूमिका में भाग्यश्री बोरसे नजर आएंगी। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। फिल्म का निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज मिलकर कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'नजरवा कजरवा' में रक्षा और विकास की केमिस्ट्री ने मचा दिया धमाल

गायक गोल्डी यादव का नया गाना 'नजरवा कजरवा' रिलीज हो गया है। गाने में रक्षा गुप्ता और विकास यादव की केमिस्ट्री देखने लायक है। गोल्डी यादव की



आवाज ने गाने में जान डाल दी है।अगर आप भोजपुरी म्यूजिक लवर्स हैं तो हो एक बार फिर से झूमने के लिए हो जाईये तैयार, क्योंकि लोकप्रिय गायक गोल्डी यादव का नया गाना 'नजरवा कजरवा' रिलीज हो चुका है। इस गाने में रक्षा गुप्ता और विकास यादव की केमेस्ट्री जितनी खूबसुरत है, उतनी ही कर्ण प्रिय आवाज गोल्डी यादव की है। इसलिए यह गाना रिलीज के साथ तेजी वायरल होने लगा है।

गाना 'नजरवा कजरवा' को इन सिनेमा म्यूजिक ने अपने चैनल से इसे रिलीज ही किया है। इस गाने में दर्शकों को मिलेगा ग्लैमर, मस्ती और रोमांस का जबरदस्त तड़का, जिसमें रक्षा गुप्ता और विकास यादव की जोड़ी हर किसी को दीवाना बना रही है। तो उभरते हुए लोकप्रिय गायक गोल्डी यादव की सुरीली अदायगी ने गाने में जान फूंक दी है। गाने के बोल लिखे हैं राइटर राकेश ने।

'नजरवा कजरवा' के वीडियो प्रोडक्शन की बात करें तो यह शानदार तरीके से फिल्माया गया है लक्की विश्वकर्मा के निर्देशन में। वीडियो का हर फ्रेम वर्ल्डवाइड फिल्म प्रोडक्शन की गुणवत्ता को दर्शाता है। डीओपी योगेश सिंह की लेंसिंग और आनंद कुमार संतु की एडिटिंग ने गाने को विजुअली बेहद आकर्षक बना दिया है।

गाने की कोरियोग्राफी पर भी खासा ध्यान दिया गया है — लक्की विश्वकर्मा और उनकी टीम ने हर स्टेप को ऊर्जा और भाव से भर दिया है। विद्या द्वारा डिजाइन किए गए कॉस्ट्यूम्स और इम्पायर स्टूडियो द्वारा बनाए गए पोस्टर इस प्रोजेक्ट को प्रोफेशनल टच देते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### लेदर का फैशन



यह कोई रहस्य नहीं है कि गर्मी के मौसम में लेदर का फैशन खूब निखर कर सामने आता है। न्यूयार्क फैशन वीक की बात करें तो शानदार चमड़े ने कई प्रमुख कलेक्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विशेष रूप से, टॉड्स, बालेंसीगा, टर्न स्टूडियो और फेरागामो जैसे लेबलों में स्लीक लेदर मिडिस्कर्ट की झलक को नज़रअंदाज़ करना मुश्किल था।

## बिना केमिकल वाला मॉइश्चराइजर अब घर पर करें तैयार, हर मौसम में होगा फायदेमंद

यदि आपको बाजार में मिलने वाले मॉइश्चराइजर सूट नहीं करते तो घर पर आसान विधि से इसे तैयार करें। यहां हम आपको मॉइश्चराइजर बनाने की विधि बताने जा रहे हैं। वैसे तो बाजार में तमाम तरह के मॉइश्चराइजर मिलते हैं, जो स्किन टाइप के हिसाब से ही होते हैं, पर कई बार ये किसी को सूट नहीं करते। ये मॉइश्चराइजर काफी महंगे भी आते हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग इसे खरीदने से भी बचते हैं।

इसी परेशानी को देखते हुए आप घर पर भी मॉइश्चराइजर तैयार कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको आसान विधि से मॉइश्चराइजर तैयार करना बताएंगे। खास बात ये है कि इसे तैयार करने के लिए न तो किसी केमिकल की और न ही ज्यादा पैसों की जरूरत पड़ेगी। घर पर मॉइश्चराइजर बनाने एलोवेरा जेल–2, टेबलस्पून,नारियल तेल/बादाम तेल–1 टेबलस्पून, ग्लिसरीन–1 टीस्पून, विटामिन ई कैप्सूल और एसेंशियल ऑयल चाहिए।

### मॉइश्चराइजर बनाने की विधि

मॉइश्चराइजर बनाने के लिए सबसे पहले आपको सभी सामानों को अच्छी तरह से मिक्स करने की जरूरत है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल और नारियल/बादाम तेल मिलाएं। इसके बाद उसमें ग्लिसरीन और विटामिन ई कैप्सूल का तेल मिलाएं।

यदि आपको खुशबू पसंद है तो इसमें एसेंशियल ऑयल मिक्स करें। सामानों को मिक्स करने के बाद सबको अच्छे से फेंटें जब तक



क्रीम जैसा टेक्सचर न बन जाए। बस ये मॉइश्चराइजर तैयार है। अब इसे एक साफ एयरटाइट कंटेनर में भरकर फ्रिज में रख सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल ?

अब जब आपने घर पर ही मॉइश्चराइजर बनाकर तैयार कर लिया है तो इसे रोजाना सुबह और रात को साफ चेहरे पर लगाएं। यदि आपके हाथ-पैर काफी रूखे हैं तो आप उनपर भी इस मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा।

## शरारा और गरारा में फर्क खरीदने से पहले जरूर जानें



महिलाएं आज के समय में ऐसे कपड़े पहनना ज्यादा पसंद करती हैं, जो न सिर्फ खूबसूरत हों, बल्कि पहनने में कंफर्टेबल भी हों। कपड़े जितने आरामदायक होंगे, उन्हें उतनी ही देर तक पहना जा सकेगा। ऐसे में उन्हें शरारा सूट काफी पसंद आता है।

शरारा और गरारा ये दो अलग-अलग आउटफिट होते हैं, जबकि ज्यादातर महिलाएं इन्हें एक जैसा ही समझती हैं। खरीदते वक्त भी वो ध्यान नहीं देतीं कि उन्होंने गरारा खरीदा है या फिर शरारा। इसी के चलते हम आपको शरारा और गरारा में फर्क आपको बताएंगे, ताकि आप अपने लिए सही आउटफिट का चयन कर सकें।



### कैसा होता है शरारा ?

सबसे पहले तो ये जान लें कि शरारा क्या होता है। शरारा एक तरह का प्लाजो ही होता है, जिसमें नीचे की तरफ काफी घेर होता है। इसमें किसी तरह का कोई जोड़ नहीं होता। ज्यादातर शरारा में गोटा-पट्टी का काम होता है। यदि कुर्ता हैवी है तो कई बार शरारा में सिर्फ घेर पर काम होता है।



### कैसा होता है गरारा ?

शरारा से गरारा सिर्फ इसलिए अलग होता है, क्योंकि उनमें जोड़ होता है। इसकी पहचान है कि इसमें घुटने के थोड़ा नीचे या फिर थोड़ा ऊपर एक जोड़ होता है। इसी जोड़ पर गरारा से घेर को अटैच किया जाता है। ये घुटनों तक अच्छी फिटिंग का यानी कि टाइट होता है, और घुटनों से नीचे इसमें घेर होता है।

### शरारा के साथ क्या-क्या पहन सकते हैं ?

यदि आप शरारा पहन रही हैं तो इसके साथ शॉर्ट कुर्ती, नी लेंथ कुर्ती कैरी कर सकती हैं। इसका लुक ज्यादातर एथनिक ही रहता है, जिस कारण आप इसे अपने कलेक्शन में अवश्य शामिल करें।

### गरारा के साथ क्या-क्या पहन सकते हैं ?

यदि गरारा पहनना है तो इसको आप एथनिक के साथ-साथ इंडो वेस्टर्न के अंदाज भी कैरी कर सकती हैं। ये क्रॉप टॉप, ब्लेजर के साथ भी काफी कमाल का लगता है।

## फंक्शन में चार-चांद लगा देंगे खास चांदबाली के झुमके, देखें डिजाइंस

किसी भी फंक्शन के मौके पर एक महिला खुद को खूब सजा-संवारकर खूबसूरत लुक देना चाहती है। यदि आपको किसी भी फंक्शन में अपना लुक परफेक्ट और ब्यूटीफुल बनाना है, तो उसके लिए चांदबाली झुमके बेस्ट हैं।



### कलरफुल बीड्स चांदबाली झुमके

यदि आपको अपना लुक खूबसूरत और एलिगेंट बनाना है, तो उसके लिए इस तरह के मीनाकारी चांदबाली झुमकों को ट्राई कर सकती हैं। इस झुमके में नीचे की साइड कलरफुल बीड्स भी लगे हुए हैं। ऐसे में आप इनको उस एथनिक ऑउटफिट के संग कैरी कर सकती हैं। जिसमें गोल्डन वर्क किया गया हो। इन झुमकों को पहनने के बाद अलग ही ग्रेस आता है। यह आपको आसानी से ऑनलाइन मिल 300 से 500 रुपये तक के बीच मिल जाएंगे।

### पर्ल विद मीनाकारी वर्क चांदबाली झुमके

किसी भी फंक्शन में अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए यह पर्ल विद मीनाकारी चांदबाली झुमके बेस्ट हैं। इनको पहनकर आपका लुक बेहद क्लासी लगता है। खासकर यह इयररिंग्स लहंगों पर बहुत परफेक्ट लुक देते हैं। इनको आप किसी भी छोटे-बड़े फंक्शन के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस तरह के चांदबाली झुमके आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन मिल जाते हैं।

### कुंदन चांदबाली झुमके


रॉयल लुक के लिए आप कुंदन वर्क वाले चांदबाली झुमकों से नजरें नहीं हटा सकती हैं।कुंदन झुमके बहुत समय से पसंद किए जाते रहे हैं। ऐसे में यह आपके हर फंक्शन में लुक को ग्रेसफुल बना देंगे।

## गर्मी में बालों से आती है अजीब सी बदबू गुलाब जल और लौंग की मदद जरूर लें

अगर गर्मी के मौसम में आपके बालों से अजीब सी महक आती है तो ऐसे में आप गुलाब जल और लौंग की मदद से हेयर परफ्यूम बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट बता रही हैं कि गुलाब जल और लौंग की मदद से हेयर परफ्यूम किस तरह बनाएं- लौंग सिर में रुसी को कम करने के साथ-साथ फंगल इंफेक्शन से बचाता है। इतना ही नहीं, इससे बालों की ग्रोथ भी बढ़ती है। वहीं, गुलाब जल स्कैल्प को ठंडक देता है और इससे बालों से हल्की खुशबू आती है। जब इन दोनों की मदद से हेयर परफ्यूम बनाया जाता है तो इससे ना केवल पसीने की बदबू दूर होती है, बल्कि आपके बाल अधिक फ्रेश फील करते हैं। इस हेयर परफ्यूम से हल्का एंटी-बैक्टीरियल असर भी होता है। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच लौंग, एक कप गुलाब जल, 3-4 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल और एक साफ़ स्प्रे बॉटल रख लीजिए।

### हेयर परफ्यूम कैसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच लौंग डालकर 5-7 मिनट तक उबालिए। अब इसे ठंडा करके छान लीजिए। अब एक बाउल में आधा कप लौंग का पानी और आधा कप गुलाब जल मिलाइए। साथ ही, इसमें 3-4 बूंद एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स



कीजिए। तैयार मिश्रण को एक साफ़ स्प्रे बॉटल में डाल दीजिए। हर बार इस्तेमाल से पहले हल्का हिला लीजिए।

नहाने के बाद या जब भी बालों में ताज़गी चाहिए, हल्के से बालों की लेंथ पर स्प्रे करें। इसे थोड़े-थोड़े गीले बालों पर इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।

### कार्नर न्यूज

### कम खर्च में संवर जाएगी आपकी हेयर स्टाइल

## हेयर स्टाइल में चार चांद लगाएंगी आसानी से मिलने वाली एक्सेसरीज, खिल उठेगा रूप-रंग

अगर आप मंहगी हेयर एक्सेसरीज नहीं खरीदना चाहतीं तो घर में मौजूद पुराने रिबन, क्लिप्स और लेस से भी आकर्षक हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को संवार सकती हैं। आजकल महंगी हेयर एक्सेसरीज फैशन का हिस्सा बन गई हैं, लेकिन ये न केवल महंगी होती हैं, बल्कि बालों में फंसकर उन्हें नुकसान भी पहुंचा सकती हैं। ऐसे में घर में रखे पुराने रिबन, लेस और क्लिप्स से आप सुंदर डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) हेयर एक्सेसरीज बना सकती हैं। ये एक्सेसरीज बालों को बिना नुकसान पहुंचाए खूबसूरती से सजाती हैं और पारंपरिक तथा मॉडर्न, दोनों लुक में शानदार लगती हैं।

### रिबन चोटी

अगर आप किसी त्योहार या शादी के फंक्शन के लिए तैयार हो रही हैं तो रिबन की चोटी आपके लुक में चार चांद लगा सकती है। इसके लिए आपको कोई भी पुराना लेस या रिबन लेना होगा, जो रंगीन और चमकीला हो तो बेहतर होगा। बालों के एक हिस्से में रिबन को



अच्छी तरह फंसाएं और फिर सामान्य तरीके से चोटी बनाएं। इस तरह की चोटी न केवल सिंपल और आसान होती है, बल्कि यह आपके ट्रेडिशनल लुक को भी खास तथा आकर्षक बना देती है।

### क्लिप और लेस

इसके लिए सबसे पहले क्लिप की सतह को साफ करें। फिर अपनी पसंद के रंगीन या मिरर वर्क वाले लेस को क्लिप के आकार के अनुसार काट लें। इसके बाद क्लिप पर गोंद की मदद से लेस को सावधानी से चिपकाएं। आप लेस के किनारों को थोड़ा फोल्ड करके क्लिप में बेहतर फिट कर सकती हैं। चाहें तो छोटे फूलों या मोतियों से भी क्लिप को और सजाया जा सकता है। इस तरह की सजावट क्लिप्स को ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बनाती है, जो किसी भी खास मौके पर शानदार लगेगी।

### पोनीटेल बो

ट्रेडिशनल हो या मॉडर्न, यह दोनों तरह के लुक के लिए परफेक्ट है, खासकर बच्चों पर यह ज्यादा आकर्षक लगता है। इसके लिए पहले हाई या लो पोनीटेल बनानी होगी, फिर रबर के चारों ओर लेस घुमाते हुए इसे कवर करें। अब आगे की ओर लेस से एक बो बना दें।

### जूड़ा पिन

साधारण-सी प्लेन जूड़ा पिन को सजाकर आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। इसके लिए आप रंगीन लेस को छोटे-छोटे फूलों के आकार में काट लें। अब इसके बीच में बटन या कार्टन के छोटे टुकड़े लगाएं, ताकि लेस से बने फूल सीधे रहें। अब फूलों को जूड़ा पिन के अंत में चिपका दें। इन्हें कुछ घंटों के लिए सूखने दें, ताकि ये अच्छी पकड़ बना लें। अब आप अपने जूड़े में इन्हें सजा सकती हैं और हर मौके पर खास दिख सकती हैं।

### बन में रिबन

अगर आप त्योहार या शादी के किसी फंक्शन में साड़ी, सूट, लहंगा आदि जैसी ट्रेडिशनल ड्रेस पहन रही हैं तो इन कपड़ों पर बन में बंधा रिबन स्टाइल काफी आकर्षक लगेगा। इसके लिए आपको पहले सामान्य तरीके से बालों में बन बनाना होगा। घर में मौजूद कोई भी पुराना रिबन या लेस लेकर उसे अपने बालों पर लपेटना शुरू करें। पूरे बन को लेस से कवर कर दें। आखिर में किसी कोने में उसे रबर के नीचे दबा दें या फिर जूड़ा पिन की मदद से उसे फिक्स करें।